www.summerexpress.in

# समर एक्सप्रेस

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

• साल-1 • अंक-31 • पृष्ठ-8 • मूल्य-01 रूपये • सोमवार 6 अक्टूबर 2025 • पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • मुख्य सम्पादक : अर्शदीप सिंह समर

समर एक्सप्रेस खबर का इम्पैक्ट *मौत के बाद भी चैन नहीं...* मोर्चरी में पोस्टमार्टम के लिए हफ्तों का इंतजार

# 39 दिनों बाद पार्थिव शरीर को मिली मुक्ति, पुलिस ने तीनों शवों का कराया पोस्टमार्टम

## तीन थानों की पुलिस ने लुधियाना के सिविल हॉस्पिटल में से तीन शवों का 39 दिनों के बाद पोस्टमार्टम करवाया

**लुधियाना | (सुनील शिंगार)**

आखिरकार पुलिस ने बीते 39 दिनों से मुक्ति का इंतजार कर रहे पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम करवा दिया है। इसके अलावा दो अन्य शव जो भी बीते कई हफ्तों से मुक्ति का इंतजार कर रहे थे उनका भी पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार करवा दिया गया। तीनों ही थाना की पुलिस ने रविवार को सिविल अस्पताल में पहुंचकर सारे दस्तावेज जमा करवाए जिसके बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने तीनों ही पार्थिव शवों का पोस्टमार्टम कर रिपोर्ट तैयार की।

बता दे कि समर एक्सप्रेस की टीम ने इस खबर को प्राथमिकता के आधार पर प्रकाशित किया था कि किस तरह सिविल अस्पताल की मोर्चरी में बीते कई दिनों से तीन पार्थिव शव पुलिस का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस उन तीनों ही शवों का पोस्टमार्टम नहीं करवा रही थी जबकि अब पोस्टमार्टम करवा दिया गया है।





### तीन थानों की पुलिस सिविल पहुंची

थाना लाढ़ोवाल की पुलिस ने एक व्यक्ति के शव को 28 अगस्त को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था जिसकी पहचान न होने के कारण उसका पोस्टमार्टम नहीं करवाया जा रहा था। दूसरा शव थाना डिवीजन 6 की पुलिस ने 11 सितंबर को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया था जबकि तीसरा थाना साहनेवाल की पुलिस ने 12 सितंबर को मोर्चरी में रखवाया था। 5 अक्टूबर को तीनों ही थाना की पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची और तीनों ही शव का पोस्टमार्टम करवा अंतिम संस्कार किया गया।

### पहले भी गलती कर चुकी पुलिस

यह कोई पहला मामला नहीं है जिसमें पुलिस द्वारा कई हफ्तों तक शव को मोर्चरी में रखा गया हो और उसका पोस्टमार्टम ना करवाया गया हो। इससे पहले भी कई बार महीनों तक शव को ऐसे ही पड़ा रहने दिया गया जिसका रिकॉर्ड भी सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पड़ा हुआ है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि शव के मोर्चरी में रखें होने के तीन या चार दिन बाद वह संबंधित थाना को लिखित में रिमाइंडर भेजते हैं ताकि पोस्टमार्टम करवाया जाए। लेकिन पुलिस हमेशा ही अनदेखी करती रहती है।

*तीनों ही शव का हुआ पोस्टमार्टम जो 3 शव बीते कई हफ्तों से सिविल अस्पताल की मोर्चरी में पड़े हुए थे। उन तीनों ही शवों का संबंधित थाना की पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम करवा लिया है। अगर ऐसा ना होता तो हम सोमवार को पुलिस को फिर से रिमाइंडर भेजने वाले थे।*

*–**अखिल सरीन,** एसएमओ सिविल अस्पताल*

## द समर एक्सप्रेस-समाचार पत्र समूह की विशेष पेशकश

### क्या चाहता है व्यापारी...







'मोहाली फेज़-7 में आयोजित प्रभावशाली कार्यक्रम के दौरान ज्वेलर्स एसोसिएशन और मार्केट एसोसिएशन फेज़-7 के प्रधान सरबजीत सिंह पारलर्स समेत व्यापार जगत की हस्तियों ने अपने विचार साझा किए।'

अंदर पढ़े पेज 2 पर-

# पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 7 जगह लैंडस्लाइड, 13 मौतें

**पश्चिम बंगाल|** पश्चिम बंगाल में तेज बारिश के बाद शनिवार रात दार्जिलिंग में 7 जगह लैंडस्लाइड हो गई। मिरिक-सुखियापोखरी रोड के किनारे ढलान पर पहाड़ी का हिस्सा ढह गया। हादसे में कई घर टूट गए। अब तक 13 लोगों की मौत हुई है।
लैंडस्लाइड के बाद रोड पर मलबा आने से रेस्क्यू में दिक्कत आ रही है। वाहनों की आवाजाही और आसपास के कई इलाकों में कम्युनिकेशन टूट गया है। उधर मिरिक में एक लोहे का पुल भी टूट गया है।
भारी बारिश के कारण तीस्ता नदी उफान पर है। तीस्ता बाजार के पास बलुखोला में पानी भर जाने से सिलिगुड़ी को सिक्किम और कालिम्पोंग से जोड़ने वाला हाईवे पूरी तरह बंद हो गया है। दार्जिलिंग शहर का भी कई हिस्सों से संपर्क टूट गया है।



# हरियाणा, जापान में औद्योगिक सहयोग मजबूत होगा

**चंडीगढ़|** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी राज्य में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय औद्योगिक संबंधों को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ जापान के दौरे पर रहेंगे। यह दौरा विकसित भारत - विकसित हरियाणा के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री का यह दौरा हरियाणा को वैश्विक निवेश, तकनीकी सहयोग और नवाचार के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगा। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जापान रवाना होने से पहले कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले जारी किए गए संकल्प पत्र के 42 वादों को सरकार ने पहले ही साल में पूरा कर दिया है। इनमें सबसे अहम महिलाओं के लिए शुरू की गई लाडो-लक्ष्मी योजना है। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र के 90 वादों को पूरा करने के लिए काम चल रहा है। अधिकतर वादों को धरातल पर लागू करने के लिए योजनाओं के ड्राफ्ट तैयार हो चुके हैं।



# रात खाना देने से मना करने पर ढाबा संचालक को रास्ते मे रोक पीटा, सीसीटीवी कैमरों में कैद

**लुधियाना | (अशवनी पाहवा)**

राहों रोड स्थित गहलेवाल में एक ढाबा संचालक पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। हमले की सारी घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। यह हमला ढ़ाबा संचालक के देर रात एक युवक को खाना देने से मना करने पर हुआ। घायल ढाबा संचालक ने मामले की शिकायत थाना बस्ती जोधेवाल में दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मामले की जानकारी देते हुए घायल सतपाल ने बताया कि बुधवार की रात वह अपना ढाबा बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहा था। तभी नशे में धुत होकर एक युवक उसके ढाबे पर आया और खाने की मांग करने लगा।सतपाल ने उस युवक को बताया कि ढाबा बंद हो चुका है, तुम किसी और जगह से खाना ले लो। इस बात पर युवक भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा और वहां से चला गया। कुछ समय बाद वह ढाबा बंद कर अपनी मां के साथ घर लौटने लगा, तो कुछ ही दूरी पर तभी उक्त युवक अपने करीब एक दर्जन साथियों के साथ पहुंच गया और दोनों पर हमला कर दिया।

अंदर पढ़े पेज 4 पर-

# अमेरिकी आर्मी में दाढ़ी पर पाबंदी: *एसजीपीसी बोली*- आस्था से खिलवाड़

**अमेरिकी|** अमेरिकी सरकार ने सेना में दाढ़ी रखने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस आदेश का सिख सैनिकों और सिख संगठनों ने विरोध भी शुरू कर दिया है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भी इस पर आपत्ति जताई है। एसजीपीसी ने विरोध जताया है कि नए आदेश से सिख सैनिकों पर सबसे पहले असर होगा।
सिखों के अलावा यहूदी, मुस्लिम और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन होगा। एसजीपीसी के सदस्य गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने आपत्ति उठाई है। उन्होंने कहा कि आज जो जानकारी अमेरिकी सरकार की तरफ से दी गई है कि सेना में किसी को दाढ़ी रखने की इजाजत नहीं होगी।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी सदस्य ग्रेवाल ने कहा कि अमेरिका एक लोकतांत्रिक देश है, जहां लोगों को धर्म की आजादी है। इस लिए लोगों के धर्म व उसकी मर्यादा को सम्मान देना बनता है। हम अमेरिका की सिख संस्थाओं से तालमेल करेंगे और इस बारे में जानकारी लेंगे। उन्होंने ये भी कहा है कि अगर किसी को इस आदेश पर आपत्ति है तो वे टिप्पणी व विरोध कर सकता है।

### आप नेताओं ने की केंद्र से दखल देने की अपील

*आम आदमी पार्टी की सरकार की तरफ से भी इसकी निंदा की गई है।*



*सांसद मलविंदर सिंह कंग ने कहा- अमेरिकी सरकार के फैसले का विरोध करते हैं। हमारे लिए केस सिखों की पहचान है। भारत सरकार से विनती करना चाहता हूं कि वे अमेरिकी सरकार से राफता करें और जो दाढ़ी केश काटने की डायरेक्शन दी है, उसे रद्द करवाएं।*

### सुखबीर बादल: सरकार के समक्ष मुददा उठाये

*शिरोमणी अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने केंद्रीय विदेश मंत्री*



*डॉ. एस. जयकृष्णन से अपील की कि वे अमेरिका की सेना में दाढ़ी पर लगाए गए प्रतिबंध का मुद्दा वहां की सरकार के समक्ष उठाएँ। मंत्री पीट हेगसेथ के बयान से सिख समुदाय आहत है और सिखों को अपने धर्म के प्रतीकों सहित धार्मिक पहचान बनाए रखने का अधिकार मिलना चाहिए।*

### अमेरिका में सिख संगठनों ने भी जमकर विरोध किया

*अमेरिका में भी सिख कोएलिशन और नॉर्थ अमेरिकन पंजाबी एसोसिएशन का कहना है कि "दाढ़ी-मूंछ काटना सिख धर्म के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है" और ऐसा करना "अपनी आस्था त्यागने जैसा है। वर्षों तक धार्मिक छूट पाने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी है और अब इस आदेश से वचन भंग हुआ है। नई नीति के चलते सैकड़ों सिख सैनिकों को या तो आस्था छोड़नी होगी या सेना से इस्तीफा देना होगा।*

# बिहार में SIR सफल: मुख्य चुनाव आयुक्त... अब इसे पूरे देश में कराएंगे, पोलिंग बूथों की 100% वेबकास्टिंग होगी

**समर एक्सप्रेस | बिहार**

बिहार में चुनाव की तैयारियों को लेकर चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने रविवार को पटना में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा, बिहार में SIR पूरी तरह सफल रहा। मतदाता सूची में यह सबसे बड़ी पहल रही। 24 जून 2025 को SIR शुरू हुआ और वक्त पर समाप्त हुआ। सफल SIR के लिए वोटर्स को धन्यवाद। अब इसे पूरे देश में कराएंगे।'
सी.ई.सी ने बताया, '90 हजार 217 बूथ लेवल ऑफिसर ने बेहतर काम किया। पूरे देश में बनने वाले बूथ लेवल ऑफिसर के लिए बिहार प्रेरणा बना।'
उन्होंने कहा बूथ तक मोबाइल ले जा सकेंगे। बूथ सेंटर से 100 मीटर की दूरी पर पोलिंग एजेंट बैठ सकेंगे। बिहार चुनाव में ई.वी.एम पर प्रत्याशियों की कलर फोटो लगाई जाएगी। बिहार में वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म भी बिहार में लागू कराया जाएगा। बूथ से 100 मीटर की दूरी से हर प्रत्याशी अपने एजेंट को लगा सकते हैं। पोलिंग बूथों की 100% वेबकास्टिंग की जाएगी।



# नेपाल में लैंडस्लाइड से दो दिन में 51 की मौत, 9 लापता सेना हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू में जुटी

**नेपाल|** नेपाल में शुक्रवार से हो रही भारी बारिश के बाद लैंडस्लाइड और बाढ़ से दो दिन में 51 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सबसे ज्यादा नुकसान पूर्वी नेपाल के इलाम जिले में हुआ, जहां लैंडस्लाइड में 37 लोगों की मौत हो गई।
इलाम की जिला अधिकारी सुनिता नेपाल ने कहा-रात भर हुई मूसलाधार बारिश ने लैंडस्लाइड को ट्रिगर किया, जिससे भारी नुकसान हुआ।
कई इलाकों में सड़कें जाम होने की वजह से रेस्क्यू में मुश्किल आ रही है। बचावकर्मी पैदल ही प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।
राजधानी काठमांडू में भी हालात खतरनाक बने हुए हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से कई घर और बस्तियां डूब गई हैं। सिक्योरिटी फोर्सेज हेलिकॉप्टर और मोटरबोट से रेस्क्यू में जुटी हैं। नेपाल सरकार ने सोमवार और मंगलवार को पूरे देश में पब्लिक हॉलिडे घोषित किया है। मौसम विभाग ने 12 से ज्यादा जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है।




# व्यापारी क्या चाहता है... व्यापारियों ने रखी बात

## ऑनलाइन शॉपिंग से कारोबार पर असर, व्यापारियों ने जताई चिंता

**मोहाली, 5 अक्टूबर (समर ब्यूरो):** आज- दा समर एक्सप्रेस- समाचार पत्र समूह की ओर से मोहाली के फेज़-7 में 'व्यापारी क्या चाहता है' विषय पर एक प्रभावशाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ज्वैलर्स एसोसिएशन और मार्केट एसोसिएशन फेज़-7 के अध्यक्ष सरबजीत सिंह पार्लर्स और व्यापार जगत से जुड़ी हस्तियों ने दा समर एक्सप्रेस समाचार पत्र के प्रतिनिधियों के साथ अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर फेज़-7 के बाजार में खरीदारी कर रही बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने भी समाचार पत्र के प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से यह बात सामने आई कि चूँकि मोहाली सीमा पर है, इसलिए ग्राहकों के लिए खरीदारी का मुख्य केंद्र हमेशा से चंडीगढ़ रहा है। ग्राहक सोचता है कि अगर हम बार-बार चंडीगढ़ आएंगे तो चंडीगढ़ में कपड़े और अन्य सामान सस्ते मिलेंगे और कपड़ों की वैरायटी भी ज्यादा होगी, क्योंकि गुजरात और अन्य राज्यों से जुड़े बड़े कारोबारी चंडीगढ़ के दुकानदारों को ज्यादा सामान और हमेशा ज्यादा सामान सप्लाई करते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि अगर मोहाली में 10 हज़ार के सामान की बिक्री होती है, तो चंडीगढ़ का प्रत्येक दुकानदार 50,000 तक कमा लेगा और चंडीगढ़ से जुड़े इन दुकानदारों की इस अतिरिक्त बिक्री के कारण सप्लाई चेन से जुड़े व्यापार जगत को काफी ज्यादा मुनाफा होगा, और आभूषणों के मुद्दे पर बात करते हुए खासकर ज्वैलर्स एसोसिएशन के लंबे समय से अध्यक्ष - सरबजीत सिंह पारस ज्वैलर ने कहा कि सोना हमेशा से हर व्यक्ति को अमीर बनाता आया है, क्योंकि बेशक सोने की कीमत आसमान छूती रही है, लेकिन फिर भी एक दशक से आज भी हर अमीर और यहां तक कि हर गरीब व्यक्ति के पास एक ग्राम, दो ग्राम या इससे भी ज्यादा सोने और चांदी के आभूषण हैं, क्योंकि सोने और चांदी के आभूषण हर किसी के लिए मुख्य संपत्ति और मुख्य विरासत माने जाते हैं, सरबजीत सिंह पारस ने साफ तौर पर कहा कि आज भी प्रॉपर्टी के मामले में सोने और चांदी में निवेश करने के बजाय स्थानीय समस्या के बारे में सरबजीत सिंह पारस ने स्पष्ट कहा कि बाजार में सफाई व्यवस्था बेहद खराब है और पेड़ों की समय-समय पर छंटाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से वे दुकानदारों के प्रतिनिधिमंडल के रूप में मोहाली निगम से मिले और कई बार पेड पार्किंग बनाने के पक्ष में बात की ताकि ग्राहक अपने वाहन बाजार में सही लाइन में खड़े कर सकें, ताकि अन्य ग्राहकों व राहगीरों को अपने वाहन निकालने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।










उन्होंने कहा कि समय-समय पर वे संबंधित अधिकारियों को बाजार में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते रहते हैं। राधिका ज्वैलर्स फेज-9 के रंजीत पुरी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मौजूदा दौर में सोने की आसमान छूती कीमतों के कारण आभूषण से जुड़े दुकानदार भाइयों के लिए सोने की बिक्री पहले से कम ज़रूर है, लेकिन शादी के सीजन में हर कोई अपनी-अपनी लाडो रानी (बेटी) को उचित सम्मान देने के लिए सोने-चांदी के आभूषण देता है। व्यापारी क्या चाहता है? कार्यक्रम के दौरान दा समर एक्सप्रेस से बात करते हुए दुकानदार जनक राज ने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ने से बेशक दुकानदारों की बिक्री पर फर्क पड़ा है, लेकिन फिर भी अब लोग धीरे-धीरे इस मामले में जागरूक हुए हैं और उन्होंने दुकानदारों के पास दोबारा जाना जरूर शुरू कर दिया है। व्यवसायी जनक राज ने चिंता जताते हुए कहा कि मोहाली या पंजाब ही नहीं बल्कि पूरे देश में ऑनलाइन शॉपिंग का चलन बढ़ने से दुकानदारों में चिंता हो सकती है, क्योंकि पहले के मुकाबले उनका कारोबार गिरने लगा है, क्योंकि ग्राहक कोई भी उत्पाद ऑनलाइन खरीदता है, और दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करता रहता है। उन्होंने कहा कि दुकानदारों के पास बड़ी संख्या में कर्मचारी होते हैं, और यह स्पष्ट है कि देश में बेरोजगारी दूर करने में दुकानदारों का भी बड़ा योगदान है और अगर दुकानदारों का कारोबार खत्म हो गया, तो उनके यहां कार्यरत अन्य कर्मचारियों का रोजगार भी ठप हो जाएगा। इसलिए समय की सरकारों को ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन को रोकने के लिए लाभकारी नीतियां लागू करनी चाहिए और दुकानदारों का कारोबार भी चलता रहना चाहिए। आज का दिन क्या चाहता है? व्यापारी- इस दौरान दुकानदार- बलजीत सिंह और दुकानदार- अमृत पाल सिंह ने कहा कि आमतौर पर रविवार को अधिकांश दुकानें बंद रहती हैं, लेकिन शादी और त्यौहारों के सीजन के कारण दुकानदारों ने रविवार को भी अपनी-अपनी दुकानें पूरी तरह से खुली रखी हैं और बाजार पहले की तरह पूरी तरह से सजे हुए हैं। महाजन शूज के मालिक- अभय महाजन और विजयइंदर सिंह ने कहा कि पिछले एक साल में सोने की कीमतों में तेजी से वृद्धि के बावजूद लोग अपनी जरूरतों और क्षमताओं के अनुसार चांदी और सोने के आभूषण जरूर खरीद रहे हैं। दुकानदार- मलकीयत सिंह समय की सरकारों को दुकानदारों के कारोबार को सुचारू रूप से चलाने के लिए नीति लागू करनी चाहिए।










# अध्यक्ष प्रभजोत कौर ने ग्राम पंचायत कुर्रा को 5 लाख रुपये की ग्रांट सौंपी



**मोहाली, 5 अक्टूबर (परदीप सिंह हैप्पी):** जिला योजना समिति (डीपीसी), एसएएस नगर की अध्यक्ष इंजीनियर प्रभजोत कौर ने आज वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला योजना समितियों/जिला विशेष योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले अनटाइड फंड से ग्राम पंचायत कुर्रा को 5 लाख रुपये की ग्रांट प्रदान की। यह राशि गाँव की अनुसूचित जाति धर्मशाला के जीर्णोद्धार और एक पार्क के विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य गाँव में बेहतर बुनियादी ढाँचा तैयार करना और निवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएँ उपलब्ध कराना है। अध्यक्ष प्रभजोत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि धनराशि के उपयोग में पारदर्शिता, जवाबदेही और समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों को तुरंत शुरू करने के लिए स्वीकृति पत्र भी सौंपा। इस मौके पर सरपंच मुख्तियार सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष, आम आदमी पार्टी), गुरप्रीत सिंह (संयोजक, नशा मुक्ति मोर्चा), सुरिंदर सिंह (मटौर), एडवोकेट अमरजीत सिंह और गाँव के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अवैध आव्रजन एजेंटों पर शिकंजा- 11 एफआईआर, 1.15 करोड़ की धोखाधड़ी

**मोहाली 5 अक्टूबर: (परदीप सिंह हैप्पी):** अनधिकृत आव्रजन गतिविधियों के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई करते हुए, मोहाली पुलिस ने बिना लाइसेंस के काम कर रहे अवैध आव्रजन एजेंटों और एजेंसियों के खिलाफ 11 एफ.आई.आर दर्ज की है। एस.एस.पी हरमनदीप सिंह हंस ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह कार्रवाई डी.एस.पी (जांच) जतिंदर सिंह चौहान की देखरेख और ज़िला पुलिस की मानव तस्करी निरोधक इकाई के प्रभारी इंस्पेक्टर जसकमल सिंह सेखों के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप, ऐसे एजेंटों/एजेंसियों के खिलाफ 11 एफ.आई.आर दर्ज की गई हैं जो लोगों को विदेश भेजने के बहाने ठग रहे थे। एस.एस.पी मोहाली ने आगे बताया कि हाल ही में की गई जाँच के दौरान, मोहाली में बिना वैध लाइसेंस के काम कर रहे कई अनधिकृत आव्रजन सलाहकारों और संगठनों के नाम सामने आए हैं। इन संगठनों के खिलाफ बी.एन.एस की विभिन्न धाराओं के तहत मामले दर्ज किए गए हैं; 316(2), 318(4), 61(2) और आव्रजन अधिनियम की धारा 24 के तहत धोखाधड़ी की गई है। कुल धोखाधड़ी लगभग 1.15 करोड़ रुपये की है, जिसमें कई अनजान नागरिकों और विदेश जाने के इच्छुक छात्रों के साथ धोखाधड़ी शामिल है। इसमें शामिल पाए गए कुछ प्रमुख एजेंटों/एजेंसियों में नेक्सस अकादमी, वी.आई.पी रोड, ज़ीरकपुर (आईलटस/पीटीई), बेस्ट ट्रैवल एजेंसी, रॉयल गेटवे ऑफ माइग्रेशन, एससीओ 17, पहली मंजिल, फेज-1, मोहाली, एससीएफ 1, पहली मंजिल, फेज-5, मोहाली और एस.सी.ओ 523-524, एस.ए.एस नगर शामिल हैं।



एस.एस.पी हंस ने कहा कि मोहाली पुलिस ने इन मामलों को दर्ज करके और सख्त कानूनी कार्रवाई शुरू करके नागरिकों को धोखाधड़ी से बचाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने जिले के निवासियों से अपील की कि वे आव्रजन के लिए केवल कानूनी रास्ते अपनाएँ और अनधिकृत एजेंटों से सावधान रहें। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध या धोखाधड़ी वाली आव्रजन गतिविधियों की सूचना निकटतम पुलिस स्टेशन या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

# मोहाली 3B2 में कार्मेल कॉन्वेंट जैसा एक और पेड़ गिरने की कगार पर

एक चिंताजनक मामले में, मोहाली, फेज़ 3B2 में मकान नंबर 1466, 1467, 1468 और 1447 के पास लगभग 50 फुट ऊँचा पेड़ पिछले एक साल से कई डिग्री तक झुक चुका है। हाल ही में हुई बारिशों ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है, क्योंकि यह पेड़ स्टॉर्म वॉटर ड्रेन के पास स्थित है और इसकी जड़ें कमजोर हो रही हैं। इसके साथ ही चूहों केप्रकोप समस्या को और गंभीर बना दिया है। पेड़ के पास ही ज़मीन धँसने से एक गड्ढा (सिंकहोल) भी बन गया है। यह स्थिति सार्वजनिक और निजी संपत्ति दोनों के लिए खतरा पैदा कर रही है। यह पेड़ बिजली की लाइन को नुकसान पहुँचा सकता है, जिससे कम-से-कम 3-4 इलेक्ट्रिक पोल, आसपास के मकान, खड़ी गाड़ियाँ, निवासी, बच्चे और राहगीर—सभी खतरे में हैं, साथ ही अन्य अप्रत्यक्ष नुकसान भी संभव है। स्टॉर्म वॉटर ड्रेन धँसने और बड़े गड्ढे बनने की शिकायतें निवासियों द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों तक पहुँचाई गई हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। स्टॉर्म वॉटर ड्रेन का धँसना, चूहों का प्रकोप, आसपास बन रहे गड्ढे, झुका हुआ पेड़ और मिट्टी का बैठना—ये सब मिलकर किसी बड़े हादसे का संकेत दे रहे हैं। यदि इस मामले को तुरंत नहीं सुलझाया गया, तो यह वैसी ही अप्रिय स्थिति पैदा कर सकता है



जैसी कुछ साल पहले चंडीगढ़ के कार्मेल कॉन्वेंट में हुई थी, जहाँ एक विशाल पेड़ गिरने से हड़कंप मच गया था। उस मामले में माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने चंडीगढ़ प्रशासन को 1.5 करोड़ रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था और प्रशासन का यह तर्क खारिज कर दिया था कि यह हादसा "ईश्वर की इच्छा" थी। अदालत ने यूटी प्रशासन को लापरवाही का दोषी ठहराया था।

# विधायक रंधावा ने मलकपुर-ज्योली लिंक रोड के कार्य का शिलान्यास किया

## कहा, पिछली सरकारें खामोश रहीं, वर्तमान सरकार ने क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी की

**मोहाली 5 अक्टूबर प्रदीप सिंह हैप्पी:** विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज यहाँ कहा कि वर्तमान पंजाब सरकार ने मलकपुर-ज्योली लिंक रोड, जिसकी पिछली सरकारों ने लंबे समय से उपेक्षा की थी, के निर्माण का निर्णय लिया है, जिससे क्षेत्र की एक बड़ी और महत्वपूर्ण मांग पूरी हुई है। आज 2.41 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क के कार्य का शिलान्यास करते हुए उन्होंने कहा कि अब यह सड़क 18 फीट चौड़ी होगी और निर्माण के बाद पाँच साल तक इसके रखरखाव और मरम्मत की ज़िम्मेदारी ठेकेदार की होगी। यह सड़क मलकपुर से भागसी वाया तरड़क रोड सेक्शन होते हुए ज्योली तक बनाई जा रही है। रंधावा ने कहा कि पिछली सरकारों ने इस महत्वपूर्ण सड़क की ओर कोई ध्यान नहीं दिया, लेकिन श्री भगवंत सिंह मान की सरकार ने क्षेत्र के लोगों की ज़रूरतों को समझते हुए इस परियोजना को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि इस सड़क के मुद्दे पर राजनीतिक खेल खेलने वाले अपने शासनकाल में इस सड़क के लिए कोई कदम नहीं उठा पाए।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पंजाब के ग्रामीण विकास कोष (आर डी एफ) को रोक दिए जाने के कारण कई विकास कार्यों में देरी हुई, लेकिन अब राज्य सरकार इस रुकावट के बावजूद तेज़ गति से विकास कार्य करवा रही है। इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के गाँवों के निवासियों को आवागमन में सुविधा, समय की बचत और वाहनों की सुरक्षा का लाभ मिलेगा। रंधावा ने पुलिस प्रशासन से इस सड़क पर ओवरलोड वाहनों और टिप्परों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए विशेष निर्देश जारी करने की माँग की। उन्होंने कहा कि पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार ने सड़कों की गुणवत्ता सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना शुरू की है, जिसके तहत डेराबस्सी हलके सहित पूरे पंजाब में नई संपर्क सड़कों की मरम्मत और निर्माण तथा पाँच साल तक उनके रखरखाव का ऐतिहासिक कार्य चल रहा है। इस अवसर पर रंधावा ने डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विकास में विशेष रुचि दिखाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का विशेष धन्यवाद किया। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न गांवों के पंच-सरपंच, गणमान्य व्यक्ति और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया अपना 100वां स्थापना दिवस

## श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस पर बलिदान को बताया पूरी मानवता के लिए प्रेरणा

**मोहाली 5 अक्टूबर प्रदीप सिंह हैप्पी :** आज अधर्म पर धर्म की विजय के पर्व विजयदशमी पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपना सौवां स्थापना पर्व मनाया। आज के दिन 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी ने कुछ बच्चों को लेकर नागपुर में संघ की स्थापना की थी और आज यह संगठन दुनिया की सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन बन चुका है। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों में समारोह आयोजित हुए, अपने शहर के दशहरा ग्राउण्ड बलोंगी मोहाली प्रांगण में हुए समारोह के दौरान मुख्य अतिथि सेना से रिटायर ब्रिगेडियर सरदार राजिंदर सिंह जी, संघ के पदाधिकारी माननीय नगर संघ चालक श्रीमान मनोज अग्रवाल जी और मुख्य वक्ता ज़िला प्रचारक श्रीमान विक्रम जी ने विधिवत शस्त्र पूजन किया। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य लोग बन्धु/भगिनी व स्वयंसेवक बन्धु उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता श्रीमान विक्रम जी जिला प्रचारक जी ने कहा कि 'स्व' बोध, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य निर्वहन, समरसता व आदर्श परिवार प्रणाली से ही भारत का समग्र विकास हो पाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र के निर्माण व उत्थान के लिए वहां के नागरिकों का चरित्रवान व देशभक्ति के गुणों से परिपूर्ण होना आवश्यक है। कई बार चरित्र के बिना शिक्षा व ज्ञान भी घातक बन जाता है। उन्होंने कहा कि संघ चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण की कार्यपद्धति को लेकर राष्ट्र के परमवैभव के लिए काम कर रहा है। श्री गुरु तेगबहादुर जी के आने वाले 350वें बलिदान दिवस पर उनका पुण्यस्मरण करते हुए संघ अधिकारी श्री मान विक्रम जी ने कहा कि गुरुजी ने अपने जीवन का बलिदान दे मानवाधिकारों व मानवीय मूल्यों की रक्षा का संदेश दिया। उन्होंने




संदेश दिया कि दुनिया में हर धर्म सम्मानित है और किसी को धर्म के आधार पर दूसरों पर अत्याचार करने, किसी को धर्म बदलने के लिए विवश करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी संदेश दिया कि स्वधर्म की रक्षा के लिए अगर जीवन का बलिदान देना पड़े तो भी मानव को पीछे नहीं हटना चाहिए। संघ द्वारा दिए गए पंच परिवर्तनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि 'स्व' के बोध, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य निर्वहन, समरसता व आदर्श परिवार प्रणाली आदि पांच बिन्दुओं पर चल कर हम अपने देश का उत्थान कर सकते हैं। संघ का मानना है कि एक सशक्त, सुसंकृत, और प्रत्येक क्षेत्र में प्रगतिशील राष्ट्र के लिए सामाजिक समरसता अनिवार्य प्रत्यय हैं। जाति, धर्म, वंश और लिंग के आधार पर विभेदित कोई भी राष्ट्र राष्ट्रीय एकता, अक्षुण्णता और आंतरिक सुरक्षा के स्तर पर विकास के मापांक को प्राप्त नहीं सकता है। संघ 'परिवार' को भारतीय संस्कृति, मूल्यों, आदर्शों और संस्कारों की आधारशिला मानता है। पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव और आधुनिक जीवनशैली के दबाव के कारण पारंपरिक पारिवारिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से हम अपने परिवारों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति सजग व अग्रसर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समकालीन परिदृश्य में एक बड़ी वैश्विक चुनौती है और भारत को भी पर्यावरणीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन और प्रदूषणों ने पर्यावरण को बहुत अधिक मात्रा में नुकसान पहुंचाया है जिसका मानव जीवन और भविष्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इसके लिए हमारे लिए पर्यावरण हितौषी जीवन शैली आवश्यक है। संघ अधिकारी ने कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता अति आवश्यक है। उपभोक्तावादी संस्कृति और आयात पर अत्यधिक निर्भरता भारतीय अर्थव्यवस्था एवं भारतीय संस्कृति के लिए अति हानिकारक है। भारतीय उत्पादों को अपने स्थानीय व्यवसायों को अपनाने एवं उनका उन्नयन करने और भारतीयों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना स्वाधारित जीवनशैलीका अभिन्न भाग है। स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले अभियानों को प्रेरित करना, पारंपरिक कौशल और उद्योगों को पुनर्जीवित करने का प्रयत्न करना आवश्यक है। नागरिक कर्तव्यों के बारे बोलते हुए उन्होंने कहा कि ज्ञानवान एवं उन्नतशील लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए उसके नागरिकों को अपने मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार होना अतिआवश्यक है। कर्तव्यों के पालन से ही एक स्वस्थ एवं नागरिक समाज का निर्माण हो सकता है। नागरिक कर्तव्य के प्रति दायित्ववादिता से स्पष्ट है कि नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक हों एवं ईमानदारी से उनका पालन करें।

# सीमा पार तस्करी मॉड्यूल में शामिल दो व्यक्ति 2.5 किलोग्राम हेरोइन और 5 पिस्तौलों सहित गिरफ्तार

**अमृतसर, 5 अक्तूबर (ब्यूरो)** : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत, खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने पाकिस्तान से जुड़े सीमा पार हथियार एवं नशा तस्करी मॉड्यूल के दो सदस्यों को 2.5 किलोग्राम हेरोइन और पांच अत्याधुनिक पिस्तौल सहित गिरफ्तार कर इस गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह जानकारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने आज यहां दी।




गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान तरनतारन के गांव ढोलण निवासी गुरजंट सिंह और गांव छीना बिधी चंद निवासी गुरवेल सिंह के रूप में हुई है।

बरामद हथियारों में चार 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल (मैगजीन सहित) और एक .30 बोर पिस्तौल (मैगजीन सहित) शामिल हैं। नशीले पदार्थों और हथियारों की खेप के अलावा पुलिस टीमों ने उनकी महिंद्रा 3एक्सओ कार भी जब्त की है, जिसका इस्तेमाल इन खेपों की ढुलाई के लिए किया जा रहा था।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि गिरफ्तार आरोपित पाकिस्तान स्थित तस्कर के निर्देशों पर यह तस्करी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बरामद हथियार पंजाब में गैर-कानूनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए गैंगस्टरों और अपराधियों को सप्लाई किए जाने थे।

कार्रवाई के विवरण साझा करते हुए उन्होंने बताया कि सीआई अमृतसर को खुफिया सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने भारत-पाकिस्तान सीमा से अवैध हथियारों और नशीले पदार्थों की एक बड़ी खेप प्राप्त की है, जिसे तरनतारन के गांव ढोलण और छीना बिधी चंद क्षेत्र में ड्रोन की मदद से सीमा पार से भेजा गया था।

उन्होंने कहा कि त्वरित कार्रवाई करते हुए सीआई अमृतसर की पुलिस टीम ने महिंद्रा 3एक्सओ कार को रोका और तरनतारन के अमृतसर-भिखीविंड रोड से दोनों संदिग्धों को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वे गांव पंजवड़ के पास किसी को आगे खेप पहुंचाने जा रहे थे। उनकी कार से हथियारों और नशीले पदार्थों की खेपें बरामद की गई हैं।

डीजीपी ने कहा कि इस मामले में पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने और आगे-पीछे के संबंधों की पुष्टि के लिए जांच जारी है। इस संबंध में पुलिस स्टेशन स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल, अमृतसर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25 और 29 तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत एफआईआर नंबर 57, दिनांक 04-10-2025 को केस दर्ज किया गया है।

## जालंधर में लिंक रोड पर वारदात, सी.सी.टी.वी. खंगाल रही पुलिस

**जालंधर (ब्यूरो)**: शहर में छीना झपटी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। नकोदर रोड के पास लिंक रोड पर दो बाइक सवार युवकों ने एक महिला से उसका मोबाइल फोन और 8,000 रुपये की नकदी झपट ली। सुरिंदर कौर निवासी बस्ती शेख ने बताया कि वह डीएमसी अस्पताल के पीछे खाना बनाने का काम करती हैं। शनिवार को काम से लौटते वक्त उनके पास सैलरी के 8,000 रुपये थे, जिन्हें वह अपने मोबाइल में रखे हुए थीं। जब वह पैदल घर लौट रही थी, तभी बाइक पर सवार दो युवक तेजी से आए और उसके हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और



आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए प्रयासरत है। पीड़िता ने पुलिस से अपील की है कि उनके मोबाइल और पैसे सुरक्षित लौटाए जाएं।

## पंजाब पुलिस ने 3.9 किलोग्राम हेरोइन सहित 82 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

**चंडीगढ़, 5 अक्तूबर (ब्यूरो)** : राज्य से नशे का पूर्ण खात्मा करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत चलाए जा रहे "युद्ध नशों विरुद्ध" अभियान के 218वें दिन, पंजाब पुलिस ने आज 313 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 62 एफआईआर दर्ज कर 82 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही, 218 दिनों में गिरफ्तार कुल नशा तस्करों की संख्या 31,972 हो गई है। इन छापों के परिणामस्वरूप गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 3.9 किलोग्राम हेरोइन, 67 किलोग्राम भूकी (पोस्त अवशेष), 660 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 41,640 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पी. को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। नशों के खिलाफ जारी इस जंग की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। इस अभियान के दौरान 60 गज़टिड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक टीमों ने पूरे राज्य में 313 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 331 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशे के उन्मूलन के लिए तीन-आयामी रणनीति - प्रवर्तन, नशामुक्ति और रोकथाम लागू की है। इसी रणनीति के तहत आज पंजाब पुलिस ने 20 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार लेने के लिए राज़ी किया है।

## अमृतसर से बर्मिंघम जाने वाली एयर इंडिया उड़ान की आपातकालीन लैंडिंग




**अमृतसर (ब्यूरो)** : अमृतसर से इंग्लैंड के बर्मिंघम जा रही एयर इंडिया की एक उड़ान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। हालांकि, इस उड़ान के रैम एयर टर्बाइन के काम करने के बाद, इसकी बर्मिंघम में आपातकालीन लैंडिंग करवाई गई।

जानकारी के अनुसार, 4 अक्टूबर को एयर इंडिया की उड़ान संख्या AI 117 अमृतसर से बर्मिंघम जा रही थी। बर्मिंघम पहुंचने के बाद, इसकी रैम एयर टर्बाइन में अचानक खराबी आ गई, जिसके कारण इसकी आपातकालीन लैंडिंग करवाई गई। हालांकि, लैंडिंग सुरक्षित रही और विमान में सवार सभी यात्री भी सुरक्षित हैं।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत अब तक 1.66 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने किया आवेदन : डॉ. बलजीत कौर

**चंडीगढ़, 5 अक्तूबर (ब्यूरो)**: मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सामाजिक न्याय, अधिकारिता एवं अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि राज्य के अब तक 1,66,958 अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों ने पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत डॉ. बी.आर. अंबेडकर छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन किया है।

उन्होंने कहा कि इस छात्रवृत्ति योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा जारी रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है, ताकि कोई भी विद्यार्थी आर्थिक अभाव के कारण अपनी पढ़ाई में बाधा महसूस न करे।



इस संबंध में और जानकारी देते हुए डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि अब तक आवेदन करने वाले विद्यार्थियों में से 20,773 विद्यार्थियों के आवेदन सत्यापित किए जा चुके हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक 627 विद्यार्थियों के लिए 14.95 लाख रुपए की राशि जारी की जा चुकी है, जबकि 19,244 विद्यार्थियों के लिए 4.62 करोड़ रूपए की राशि शीघ्र ही जारी की जा रही है।

मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राज्य सरकार द्वारा 2,37,456 विद्यार्थियों के लिए 267.54 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई थी, जो विद्यार्थियों के कल्याण के प्रति सरकार की गंभीरता को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से पूरी प्रक्रिया डिजिटल और पारदर्शी ढंग से की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की कार्यालयी दौड़-भाग से राहत मिली है।

डॉ. बलजीत कौर ने विद्यार्थियों से अपील की कि अधिक से अधिक योग्य विद्यार्थी अपने स्थानीय कॉलेजों के माध्यम से इस योजना के लिए आवेदन करें और इसका लाभ उठाकर अपनी शिक्षा जारी रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार प्रत्येक योग्य विद्यार्थी तक छात्रवृत्ति का लाभ पहुंचाने और शिक्षा में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 2024-25 में 450 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन किया प्राप्त

**» पंजाब का लक्ष्य एस.ए.एस.सी.आई 2025-26 तहत 350 करोड़ रुपये हासिल करनाः हरपाल सिंह चीमा**

**चंडीगढ़, 5 अक्टूबर (ब्यूरो)**: ख़ज़ाना और लेखा निदेशालय (डी.टी.ए), पंजाब ने वित्तीय प्रशासन को आधुनिक बनाने, पारदर्शिता को प्रोत्साहित करने और सभी सरकारी विभागों में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़े डिजिटल परिवर्तन प्रयासों की एक श्रृंखला अपनाई है। लेखा-जोखा, ऑडिट, फंड प्रबंधन और नागरिक सेवाओं से जुड़े ये तकनीकी सुधार, पंजाब में पूरी तरह डिजिटल गवर्नेंस की ओर एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

यहाँ जारी एक प्रेस बयान में इस बात का उल्लेख करते हुए पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि निदेशालय ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए एक नया फंड फ्लो ढांचा, एस.एन.ए-स्पर्श को सफलतापूर्वक विकसित करते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 450 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्राप्त की। उन्होंने कहा कि यह एकीकृत ढांचा पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम (पी.एफ.एम.एस), राज्य आई.एफ.एम.एस और भारतीय रिज़र्व बैंक के ई-कुबेर सिस्टम को जोड़ता है, जिसका उद्देश्य ख़ज़ाने में नकद तरलता (कैश लिक्विडिटी) बढ़ाना और बैंक खातों में पड़े अनुपयोगी फंड को कम करना है।



उन्होंने आगे कहा, "इस प्रणाली की सुविधा के लिए एक अलग एस.एन.ए-स्पर्श ख़ज़ाना बनाया गया है और राज्य द्वारा अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पूंजी निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना (एस.ए.एस.सी.आई 2025-26) के तहत 350 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।"

एक अन्य प्रमुख पहल को उजागर करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि सभी पेंशनरों का केंद्रीकृत डेटाबेस बनाने और बैंकों तथा ख़ज़ाने के बीच ऑनलाइन पेंशन केस प्रोसेसिंग की सुविधा हेतु, पंजाब डेवलपमेंट कमिशन (पी.डी.सी) से परामर्श लेकर पेंशनर सेवा पोर्टल (पी.एस.पी) विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल ख़ज़ाने से बैंकों को ई-पीपीओ भेजने जैसी गतिविधियों को सक्षम बनाता है और पेंशनरों को पेंशन अपडेट्स की वास्तविक समय की ट्रैकिंग, शिकायत निवारण, जीवन प्रमाणपत्र एकीकरण तथा अपडेटेशन अनुरोध जमा करने की सुविधा प्रदान करता है।

नए ऑडिट मैनेजमेंट सिस्टम (ए.एम.एस) पर चर्चा करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि ए.एम.एस सभी हितधारकों को ऑडिट रिपोर्टों तक वास्तविक समय की पहुंच प्रदान करता है और समय पर ऑडिट आपत्तियों के समाधान हेतु प्रशासनिक सचिव स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकों के ज़रिए अधिक निगरानी की सुविधा देता है। वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि डी.टी.ए के भविष्य के रोडमैप में अकाउंटेंट जनरल की ऑडिट रिपोर्टों को शामिल करने की भी योजना है।

वित्त मंत्री ने और जानकारी देते हुए कहा, "नई पहलों में ग़ैर-ख़ज़ाना मॉड्यूल (नॉन-ट्रेज़री मॉड्यूल) भी शामिल है, जो कि वन और लोक निर्माण विभागों द्वारा जमा कार्यों के लिए लेखा-जोखा सरल बनाने हेतु अकाउंटेंट जनरल (ए.जी) कार्यालय के समन्वय से विकसित किया गया एक ग़ैर-ख़ज़ाना लेखा प्रणाली है। इस प्रणाली के ज़रिए इन विभागों के सभी डिवीज़नों द्वारा मासिक खातों के जमा करने के कार्य को स्वचालित किया गया है।"

वित्त मंत्री ने आगे कहा कि पंजाब सरकार ने पूरे राज्य में सभी बिलों के लिए ई-वाउचर का उपयोग भी शुरू कर दिया है, जिससे स्टेशनरी, यात्रा और ए.जी. पंजाब को जमा कराए गए भौतिक वाउचर संभालने से जुड़ी लागत में महत्वपूर्ण कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि इन ई-वाउचर को स्टोर करने के लिए आवश्यक हार्डवेयर खरीदकर ए.जी कार्यालय में स्थापित किया गया है।

इन नई तकनीकी प्रणालियों की सराहना करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि विभागीय खातों को स्वचालित करने और एस.एन.ए-स्पर्श के ज़रिए कुशल केंद्रीय फंड फ्लो सुनिश्चित करने से लेकर संपूर्ण ऑडिट और पेंशन प्रक्रियाओं को डिजिटाइज़ करने तक, ये पहलें महत्वपूर्ण बचत देंगी, जवाबदेही बढ़ाएँगी और सबसे महत्वपूर्ण, हमारे कर्मचारियों और नागरिकों को सेवा डिलीवरी में सुधार करेंगी।

उन्होंने आगे कहा, "इन व्यापक डिजिटल प्रणालियों की शुरुआत के साथ, हम केवल सॉफ़्टवेयर अपग्रेड नहीं कर रहे हैं; हम अपने वित्तीय ढांचे में बुनियादी सुधार कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर एक रुपये का हिसाब रखा जाए और उसे प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए।"

## आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सीट के लिए घोषित किया उम्मीदवार



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)** : आम आदमी पार्टी ने एक बड़ा फैसला लेते हुए राजिंदर गुप्ता को पंजाब में खाली राज्यसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है। राजिंदर गुप्ता ट्राइडेंट ग्रुप के मालिक हैं। बता दें कि बीते दिन उन्होंने पटियाला में काली माता प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन के पद से इस्तीफा दे दिया था। गौरतलब है कि संजीव अरोड़ा पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं, जिन्होंने इस्तीफा देकर उपचुनाव लड़ा था और अब विधायक चुने जाने के बाद कैबिनेट मंत्री हैं। इसलिए आम आदमी पार्टी ने अब खाली राज्यसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है।

## पंजाब सरकार ब्लॉक स्तर पर आयोजित करेगी दूध दुहाई प्रतियोगिता

**चंडीगढ़, 5 अक्तूबर (ब्यूरो)**। पंजाब सरकार ने राज्यभर में पशुधन उत्पादकता बढ़ाने और डेयरी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ी पहल की है। पशुपालन, डेयरी विकास एवं मत्स्य पालन मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने घोषणा की कि प्रदेश के सभी 154 ब्लॉकों में 'ब्लॉक स्तरीय दूध दुहाई प्रतियोगिता-2025-26' आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता 6 अक्तूबर से शुरू होकर प्रत्येक माह के दूसरे सोमवार को होगी। मंत्री ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य किसानों को अपने श्रेष्ठ पशुधन को प्रदर्शित करने का अवसर देना, बेहतर पशुपालन अभ्यासों को पहचानना और उन्हें राज्यभर में प्रसारित करना है। उन्होंने कहा कि यह केवल पुरस्कार तक सीमित प्रयास नहीं है बल्कि यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और उच्च उत्पादक नस्लों के पालन को बढ़ावा देने का एक रणनीतिक कदम है।



प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विभिन्न श्रेणियों के तहत न्यूनतम दूध उत्पादन मानक तय किए गए हैं। इनमें मुर्रा और मुर्रा ग्रेडेड भैंसें (16 किग्रा या अधिक), निली रावि (14 किग्रा या अधिक), साहिवाल व अन्य देसी गायें (12 किग्रा या अधिक), एच.एफ. व क्रॉस (30 किग्रा या अधिक), जर्सी व जर्सी क्रॉस (16 किग्रा या अधिक) और बकरियां (2.5 किग्रा या अधिक) शामिल हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि इस पहल से किसानों को उच्च उत्पादन देने वाली नस्लों की ओर प्रेरित किया जाएगा, जिससे आय में वृद्धि और आनुवंशिक गुणों में सुधार होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रतियोगिता राज्य में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना जगाएगी और डेयरी क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव राहुल भंडारी ने बताया कि इच्छुक पशुपालक अपने नजदीकी पशु अस्पताल से फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं।

## मुख्यमंत्री ने श्री आनंदपुर साहिब में विरासती मार्ग का नींव पत्थर रखा

**» तख्त श्री केसगढ़ साहिब जाने वाले रास्ते पर 25 करोड़ रुपए की लागत से 580 मीटर मार्ग बनाया जाएगा**

**पांच तख्त साहिबान को रेल मार्ग के जरिए जोड़ने का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष जोरदार ढंग से उठाएंगे**

**श्री आनंदपुर साहिब, 5 अक्टूबर (ब्यूरो)**: पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने आज पवित्र शहर श्री आनंदपुर साहिब में 18 करोड़ रुपए की लागत से बनाए जा रहे विरासती मार्ग का नींव पत्थर रखा। इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि वे भाग्यशाली हैं कि वाहेगुरु ने उन्हें इस सेवा का हिस्सा बनने का सौभाग्य प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि श्री आनंदपुर साहिब के पवित्र शहर ने हमेशा इतिहास रचा है क्योंकि इस धरती ने न केवल पंजाब और सिखों के इतिहास को नया रूप दिया है, बल्कि भारत के इतिहास को भी बड़ा मोड़ दिया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इसी ऐतिहासिक धरती पर दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने 1699 में बैसाखी वाले दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी पंजाबी इस पवित्र स्थान से आध्यात्मिक और मानसिक तौर पर ताकत प्राप्त करते हैं और जुल्म, अन्याय और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की प्रेरणा लेते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 'हिंद की चादर' नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस को मना रही है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार इस पवित्र धरती को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसके कारण तख्त श्री केसगढ़ साहिब जाने वाले रास्ते को सफेद संगमरमर की वर्तनी से विरासती रास्ते के रूप में विकसित किया जा रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रोजेक्ट 25 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा और 31 मार्च, 2026 तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयास श्री आनंदपुर साहिब को पर्यटन, खासकर धार्मिक पर्यटन के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने में और भी बड़ी भूमिका निभाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि श्रद्धालुओं और सैलानियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रवेश द्वार पर एक बड़ा और आकर्षक मुख्य गेट बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में दर्शाए छायादार वृक्ष सफेद संगमरमर के फुटपाथ के साथ लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 580 मीटर लंबा रास्ता मुख्य तौर पर दो हिस्सों में विभाजित किया जाएगा, एक पवित्र सरोवर के सामने से गुजरता है और दूसरा तख्त साहिब तक जाने वाली सीढ़ियों के साथ है, जो श्रद्धालुओं की सुविधा को सुनिश्चित बनाता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस मार्ग के दोनों ओर शानदार पेंटिंगों और कलात्मक तकनीकों के जरिए खालसा पंथ के जन्म स्थान श्री आनंदपुर साहिब के इतिहास को और भी सुंदर ढंग से दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्य गेट के अलावा सरोवर जाने वाले रास्तों और पार्किंग क्षेत्रों के साथ अन्य गेट बनाए जाएंगे ताकि समूचे डिजाइन में एकरूपता बनी रहे।

इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंज तख्त साहिबान को रेल मार्ग के जरिए जोड़ने का मुद्दा केंद्र सरकार के समक्ष जोरदार ढंग से उठाएगी। उन्होंने कहा कि एक ओर लोगों को सुविधा देना और दूसरी ओर धार्मिक पर्यटन को बल देना समय की मांग है। भगवंत सिंह मान ने यह भी ऐलान किया कि राज्य सरकार श्री आनंदपुर साहिब-माता नैना देवी रोपवे पर जल्द ही काम शुरू करने के लिए जोरदार ढंग से पैरवी करेगी। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस और तरुणप्रीत सिंह सौंद, सलाहकार पर्यटन और सांस्कृतिक मामले दीपक बाली और अन्य भी मौजूद थे।

## भाजपा के शासन में वोट चोरी आज के भारत की एक सच्चाई : वड़िंग

**चंडीगढ़, 5 अक्टूबरः(हरजीत मठारू)**

पंजाब कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने आज आरोप लगाया है कि भाजपा के शासन में भारतीय चुनाव आयोग की मिलीभगत से 'वोट चोरी' आज के भारत की एक कड़वी सच्चाई है।

आज कुराली में 'वोट चोरी' के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान के दौरान पत्रकारों से एक अनौपचारिक बातचीत में, वड़िंग ने कहा कि भाजपा यह सब चुपचाप कर रही है, ताकि किसी की नज़र न पड़े। लेकिन सच्चाई यह है कि वोट चोरी कई तरीकों से हो रही है।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि यह एक चतुर चोर द्वारा की गई चोरी जैसा है, जो पकड़े न जाने के लिए सारे सबूत मिटाने की कोशिश करता है। लेकिन अंत में हर अपराध पकड़ा जाता है। जबकि कुछ अपराधों में समय लगता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले से ही इस पर काम कर रहे हैं और ठोस सबूत लेकर आए हैं।

उन्होंने खुलासा किया कि गांधी जल्द ही और भी महत्वपूर्ण सबूत लेकर आएंगे, जिन्हें नकारना भाजपा के लिए असंभव होगा। वड़िंग ने लोगों को चेतावनी दी कि वे मतदाता सूची से अपना नाम हटवाने से सावधान रहें। उन्होंने ज़ोर देते हुए कहा कि जहाँ भी भाजपा को लगता है कि वह कमज़ोर है या किसी ख़ास वर्ग के लोग उसे वोट नहीं देंगे, पार्टी चुनाव आयोग से मिलकर उन ख़ास इलाकों में ऐसे लोगों के वोट काट देती है। इस बीच, आम आदमी पार्टी द्वारा पंजाब में भी इसी तरह की रणनीति अपनाने की कोशिश के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें इससे कोई हैरानी नहीं होगी। क्योंकि आप वैसे भी भाजपा की बी-टीम है और वह अपनी मूल टीम के हर कदम पर चलती है।

वड़िंग के हस्ताक्षर अभियान के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रमुख कार्यकर्ता भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस द्वारा 15 अक्टूबर को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की देश में 'वोट चोरी' के ख़िलाफ़ 5 करोड़ हस्ताक्षर एकत्रित करके भारत के चुनाव आयोग को सौंपने संबंधी अभियान के तहत 15 लाख हस्ताक्षर जमा किए जाएँगे।

# व्हीलचेयर, स्ट्रेचर का गलत उपयोग, मरीजों की जान से हो रहा खिलवाड़

## मरीजों को हो रही भारी परेशानी, एसएमओ बोले... जल्द होगा सुधार


**लुधियाना | (अशवनी पाहवा)**

लुधियाना के सिविल अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए रखे गए स्ट्रेचर और व्हीलचेयर का उपयोग अपने वास्तविक उद्देश्य से हटकर किया जा रहा है। अस्पताल स्टाफ द्वारा इनका इस्तेमाल मरीजों की बजाय दवाइयाँ, इंजेक्शन बॉक्स, फाइलें और अन्य सामान ढोने में किया जा रहा है। अस्पताल की एमरजेंसी और कई वार्डों में यह अक्सर देखने को मिलता है। जहां मरीजों की जगह दवाइयों के पैकेट स्ट्रेचर पर रखे नज़र आते हैं। ऐसा ही एक वाक्य शनिवार को समय सामने आया, जब एक मरीज दर्द से तड़पता हुआ इमरजेंसी में एक्टिवा पर सवार होकर आया। जिसे इमरजेंसी में से व्हीलचेयर नहीं मिले। उसने बताया कि वह सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक अस्पताल में चक्कर काटता रहा। किसी भी स्टाफ कर्मी ने उसकी एक नही सुनी।

इस लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। एमरजेंसी में पहुंचे मरीजों को कई बार स्ट्रेचर या व्हीलचेयर नहीं मिलते। ऐसे में परिजनों को उन्हें गोद में उठाकर वार्ड या ओपीडी तक ले जाना पड़ता है। बुजुर्ग और दिव्यांग मरीजों के लिए यह स्थिति और भी कष्टदायक साबित हो रही है।



स्ट्रेचर पर मारीजो की जगह सामान लेकर जाते।



एक्टिवा पर आया मरीज।

### शिकायतें बेअसर... लोग कब लेंगे राहत की सांस


सूत्रों के अनुसार, अस्पताल के दवा भंडार से वार्डों में दवाइयाँ पहुँचाने के लिए लंबे समय से इन्हीं स्ट्रेचर और व्हीलचेयर का उपयोग किया जा रहा है। इस संबंध में कई बार शिकायतें दर्ज होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

स्थानीय सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि इस तरह की लापरवाही पर तुरंत रोक लगाई जाए। मरीजों की सुविधा के लिए बनी व्यवस्थाओं का सही उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी जरूरतमंद को असुविधा न हो।

### मरीजो को व्हीलचेयर लेने के लिए जमा करवाना पड़ता है आईडी प्रूफ

सिविल अस्पताल में अक्सर देखा जाता है कि अगर किसी मरीज को व्हीलचेयर चाहिए, तो उसे पहले अपना एक आईडी प्रूफ वहां पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड को जमा करवाना पड़ता है। इसके बाद उसे व्हीलचेयर मिलती है, जब मरीज अपने दवा लेकर वापस घर जाने लगता है तो वह पहले व्हीलचेयर वापस कर सिक्योरिटी गार्ड से अपना आईडी प्रूफ वापस लेता है।

*अस्पताल में मौजूद मरीजों के परिजनों का कहना है कि व्हीलचेयर और स्ट्रेचर की संख्या पहले ही सीमित है। ऊपर से उनका इस तरह दवाइयाँ ढोने में इस्तेमाल होना प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करता है।*



*इस संबंध में एसएमओ डॉ अखिल सरीन ने माना कि कुछ विभागों से इस तरह की शिकायतें मिली हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मौजूद सभी व्हीलचेयर और स्ट्रेचर को सही करवाया जा रहा है। वही कुछ एनजीओ से भी संपर्क किया जा रहा है। जल्द ही व्हीलचेयर और स्ट्रेचर्स मंगवा सभी वार्डों में रखे जाएंगे। मरीजों के लिए पर्याप्त सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जायेंगी।*

# 189 किलो पनीर से भरा ऑटो फूड सेफ्टी व सीआईए ने पकड़ा



**लुधियाना | (अशवनी पाहवा)**

त्योहारी सीजन शुरू होने से पहले ही सेहत विभाग ने कमर कस ली है। विभाग की तरफ से रोजाना अलग अलग इलाके में दबिश दी जा रही है। वही रविवार को भी सेहत विभाग की टीम ने CIA जगराओं के साथ मिलकर गांव रामगढ़ भुल्लर के पास सिधवां बेट रोड पर एक ऑटो को रोककर 189 किलोग्राम पनीर बरामद किया।

जांच के दौरान सामने आया कि यह पनीर निरवाना (हरियाणा) से प्रति किलो 210 रुपये की दर पर खरीदा गया था और इसे जगराओं से नकोदर तक के फास्ट फूड वेंडरों और ढाबों में सप्लाई किया जाना था। सूचना मिलने पर फूड सेफ्टी टीम ने मौके पर ही पनीर के सैंपल लिए, जिन्हें जांच के लिए स्टेट फूड लैबोरेटरी भेजा गया है। सुरक्षा मानकों के तहत बचा हुआ पनीर मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

सिविल सर्जन डॉ. रमनदीप कौर ने कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि जनता के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए फूड सेफ्टी विभाग की ऐसी जांचें लगातार जारी रहेंगी। वही डॉ. संदीप सिंह ने बताया कि इस तरह की जांचें आगे भी जारी रहेंगी, ताकि मिलावटी और गैर-मानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई जा सके।

# रात खाना देने से मना करने पर ढाबा संचालक को रास्ते मे रोक पीटा, सीसीटीवी कैमरों में कैद



**लुधियाना | (अशवनी पाहवा)**

राहों रोड स्थित गहलेवाल में एक ढाबा संचालक पर कुछ युवकों ने हमला कर दिया। हमले की सारी घटना वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। यह हमला ढ़ाबा संचालक के देर रात एक युवक को खाना देने से मना करने पर हुआ। घायल ढाबा संचालक ने मामले की शिकायत थाना बस्ती जोधेवाल में दर्ज करवाई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



मामले की जानकारी देते हुए घायल सतपाल ने बताया कि बुधवार की रात वह अपना ढाबा बंद कर घर जाने की तैयारी कर रहा था। तभी नशे में धुत होकर एक युवक उसके ढाबे पर आया और खाने की मांग करने लगा।सतपाल ने उस युवक को बताया कि ढाबा बंद हो चुका है, तुम किसी और जगह से खाना ले लो। इस बात पर युवक भड़क गया और गाली-गलौज करने लगा और वहां से चला गया। कुछ समय बाद वह ढाबा बंद कर अपनी मां के साथ घर लौटने लगा, तो कुछ ही दूरी पर तभी उक्त युवक अपने करीब एक दर्जन साथियों के साथ पहुंच गया और दोनों पर हमला कर दिया। हमले में सतपाल और उसकी मां दोनो घायल हुए, दोनो ने सिविल अस्पताल में से मेडिकल करवा मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज करवाई।

इस संबंध में थाना बस्ती जोधेवाल के जांच अधिकारी ने बताया कि मामले की शिकायत आ चुकी है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# स्नैचर गैंग से ग्यासपुरा की महिलाएं परेशान, मंगलसूत्र छीन भागे बदमाश



**लुधियाना | (अशवनी पाहवा)**

बीते लंबे समय से ग्यासपुरा इलाका में महिलाओं को निशाना बनाने वाले एक गैंग ने फिर से महिला को अपना शिकार बनाया। इस बार भी उक्त गैंग के सदस्य एक महिला से उसका मंगलसूत्र छीन कर भाग निकले। उक्त पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है,जबकि पुलिस फिर से मामले की जांच करने की बात कह रही है। पीड़ित महिला रिंकी देवी ने बताया कि वह मजदूरी का काम करती है। उसने बताया कि रविवार दोपहर करीब 2 बजे वह अपने काम से वापस आ रही थी कि रास्ते में उसे दो बदमाशों ने पीछे से घेर लिया और उसके गले में डाला हुआ मंगलसूत्र छीन कर ले गए।

यहां आपको बता दे की ग्यासपुरा और डाबा के इलाके में पिछले करीब 1 महीने से ऐसे ही दर्जन से अधिक मामले सामने आए हैं जिसमें दिनदहाड़े बाइक सवार स्नैचर महिलाओं के मंगलसूत्र छीनते हुए दिखाई देते है। पुलिस हर बार इन वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों को पकड़ने में नाकामयाब रहे है। इस मामले में भी पीड़ित महिला ने शिकायत चौकी कनगंवाल की पुलिस दी है।

## जानिए लुधियाना के मौसम का हाल...

# बरसात के बाद ठंड, आज और कल बरसात

**लुधियाना | (सुनील शिंगार)**

बरसात के बाद ठंडा हुआ मौसम, आज और कल भी होगी बरसात सुनील शिंगार, लुधियाना

रविवार सुबह हुई बरसात के कारण लुधियाना में मौसम अचानक बदल गया है। रविवार सुबह से ही ठंड जैसा माहौल रहा। रविवार को हुई बरसात के बाद आसार लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दो दिनों तक अभी बरसात हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को भारी बरसात होने के आसार हैं जबकि मंगलवार को भी बरसात होने की बात मानी जा रही है। इसके बाद आने वाले दिनों में बरसात के कोई भी असर नहीं बताई जा रहे। वही मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक बुधवार से मौसम में भी बदलाव होगा। बताया जा रहा है कि न्यूनतम तापमान 16 से 17 डिग्री होने के आसार है जबकि अधिकतम तापमान 30 डिग्री बताया जा रहा है। ऐसे में मौसम विभाग के अधिकारियों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक रविवार को हुई ठंड के कारण अब मौसम बदलेगा। रविवार को हुई बरसात के बाद रात के मौसम में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है जो कि आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी।



## लुधियाना में पुलिस नाके पर फायरिंग

# रांग साइड से आ रहे मोटरसाइकिल सवारों को रोका तो बरसाई गोलियां, राहगीर घायल

**लुधियाना | (अशवनी पाहवा)**

लुधियाना के पक्खोवाल रोड ललतों चौकी के पास रविवार की दोपहर उस समय दहशत का माहौल बन गया, जब पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान रॉन्ग साइड आ रहे एक बाइक सवार दो युवको को रुकने का इशारा किया। बाइक सवार भागने लगा तो पुलिस कर्मी ने पीछा कर उसे रोकने की कोशिश की। बाइक सवार बाइक को रोकने के बजाय पुलिसकर्मी को धक्का देकर निकला, तभी पिछली सीट पर बैठे युवक ने उसपर फायरिंग करनी शुरू कर दी। इस हादसे में वहां पर मौजूद एक राहगीर जो बस का इंतजार कर रहे था वह घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। वही बाइक से बाहर से भागने में कामयाब हो गए।



मामले की जानकारी देते हुए थाना सदर की एसएचओ अवनीत कौर ने बताया कि पीसीआर जॉन इंचार्ज इंस्पेक्टर सुनीता रोजाना की तरह पक्खोवाल रोड पर माता बंगलामुखी मंदिर के पास चौक में नाकाबंदी के लिए खड़ी हुई थी। तभी एक स्प्लेंडर बाइक रॉन्ग साइड आ रहा था। जिसे रोकने के लिए उन्होंने इशारा किया, तो उक्त युवक ने पहले तो बाइक धीरे कर लिया। फिर अचानक से उन्होंने बाइक तेजी से भगा लिया। पुलिस टीम ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो बाइक की पिछली सीट पर बैठे युवक ने पुलिस टीम पर गोलीबारी करने शुरू कर दी। वहीं उन्होंने बताया कि वहां पर मौजूद एक राहगीर के पेट और पीठ पर गोलियां लगी। जिसे निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहा उसका ऑपरेशन चल रहा है।

पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार पर मामला दर्ज कर लिया है। वहीं घटनास्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फोटेज़ खंगालने में लगी हुई है।

# सिद्धवां नहर पर बने 4 पुलों में से पहले का उद्घाटन किया, आवागमन के लिए उपलब्ध

**लुधियाना | 5 अक्टूबर**

स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए, बिजली, उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन और प्रवासी भारतीय मामलों के मंत्री संजीव अरोड़ा ने आज सिद्धवां नहर पर एक पुल का उद्घाटन किया। यह पुल सिद्धवां नहर पर दक्षिणी शहर की ओर बनाए जा रहे चार पुलों में से एक है। उनके साथ मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर, राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू, उपायुक्त हिमांशु जैन, तथा स्थानीय निवासी मृदुला जैन, राधिका जैत्वानी, गगन खन्ना आदि मौजूद थे।



- *पुल का उद्घाटन करते हुए मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) द्वारा सिद्धवां नहर पर बनाए जा रहे चार पुलों में से पहले पुल का आज उद्घाटन किया गया है जबकि दूसरे पुल का उद्घाटन अगले 10 दिनों में कर दिया जाएगा और शेष दो पुल की शुरूआत अगले दो महीनों में हो जाएंगी।*

- *सिद्धवां नहर पर एफ-2 रेसवे पुल और बाड़ेवाल पुल से लगभग 300 मीटर की दूरी पर 16 करोड़ रुपये की लागत से चारों पुल दाएं और बाएं दोनों ओर बनाए जा रहे हैं।*

- *श्री अरोड़ा ने कहा कि इन चारों पुलों के पूर्ण हो जाने से यातायात सुचारू होगा और भीड़भाड़ में काफी कमी आएगी, विशेष रूप से लुधियाना के दक्षिणी शहरी क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि पहले इलाके के लोगों को आवागमन के दौरान भारी जाम का सामना करना पड़ता था क्योंकि मौजूदा पुल इस सड़क पर बढ़ते ट्रैफिक को संभालने में सक्षम नहीं थे। उन्होंने पुलों के निर्माण के दौरान गुणवत्ता से कोई समझौता न करने के लिए एनएचएआई की सराहना भी की।*

- *मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने कैबिनेट मंत्री का धन्यवाद किया कि उन्होंने चार पुलों में से एक को जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि संजीव अरोड़ा की समाज सेवा के प्रति समर्पण भावना के कारण ही ये चारों पुल बने हैं। उन्होंने कहा कि सिद्धवां नहर के आसपास कई आवासीय क्षेत्र विकसित हो चुके हैं और ये चार पुल इस सड़क पर जाम की समस्या से बड़ी राहत देंगे।*

- *राज्य सूचना आयुक्त हरप्रीत संधू, जो इस क्षेत्र के निवासी भी हैं, ने भी मंत्री अरोड़ा का आभार जताया और कहा कि अब स्थानीय निवासियों के लिए यातायात में कोई रुकावट नहीं रहेगी।*

- *सिंगोरा क्षेत्र की निवासी मृदुला जैन ने भी कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा का धन्यवाद किया और कहा कि लगभग दस वर्ष पहले उन्होंने ऐसी सुहृद सोच वाले कुछ अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर "लेट्स क्लीन लुधियाना फाउंटेन" अभियान शुरू किया था, जिसके अंतर्गत सिद्धवां नहर पर पुलों की सफाई और निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया गया था।*

- *संयुक्त पुलिस कमिश्नर रुपिंदर ने मंत्री अरोड़ा को यह भी बताया कि इन पुलों के निर्माण से ट्रैफिक नियंत्रण में काफी सुधार होगा। अंत में, संजीव अरोड़ा ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार की विश्वस्तरीय आधारभूत ढांचा प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दोहराया और कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।*

# रॉन्ग साइड आ रही कार में सवार युवकों ने वकील से की मारपीट, मामला दर्ज

**लुधियाना (अशवनी पाहवा)|** कार को लेकर माल रोड पर दो पक्षों में विवाद हो गया। जिसके बाद एक पक्ष के वकील प्रितपाल ने मारपीट का आरोप लगाया। मारपीट के आरोप के बाद वकील ने थाना डिवीजन नंबर 8 की पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई, शिकायत में वकील ने पुलिस को बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे उक्त आरोपी माल रोड की तरफ से रॉन्ग साइड अपनी कार में आ रहा था। जिसने उसकी एक्टिवा के सामने गाड़ी लगाकर उससे बदसलूकी करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उक्त युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी का करीबी बता उससे मारपीट करनी शुरू कर दी और धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गए। फिलहाल थाना डिवीजन नंबर 8 की पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शेरपुर में दो पक्षो में विवाद: प्रवासी बोले निहंग बाणे में सात लोगों ने चंदा मांगने के नाम पर किया हंगामा

**लुधियाना | (अशवनी पाहवा)**

लुधियाना में थाना मोती नगर की फौजी कालोनी एक बार फिर चर्चा में आ गई है। 3 दिन पहले फौजी कालोनी में धार्मिक पूजन के दौरान युवक की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। उक्त मामले में अभी पुलिस के हाथ खाली है, वही बीती रात करीब 10 बजे निहंग बाणे में 7 व्यक्ति रेहड़ी फड्डी संचालकों के पास गुरुद्वारा साहिब के नाम पर चंदा मांगने आ पुहंचे। जब रेहड़ी वालों ने पैसे देने के लिए मना किया तो उन लोगों ने उन्हें गालियां दी और हंगामा करने लगे। मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम पर दी गई, जहां मौके पर थाना मोती नगर और थाना फोकल प्वाइंट की पुलिस मौके पर पुहंची। जहा पुलिस के पुहंचने से पहले ही हमलावर मौके से फरार हो गए



जानकारी देते हुए सब्जी मंडी में रेहड़ी लगाने वाले गणेश राम ने कहा कि कार से कुछ निहंग आए थे। वह लोग जगह-जगह लंगर के नाम से चंदा मांग रहे थे। चंदा मांगने के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। कई जगह उन लोगों ने सब्जी मंडी में लड़ाई भी की। जब उन लोगों ने मेरे बेटे से कहा कि चंदा दो। फिर उनके एक साथी ने वहां पर चप्पल बेचने वाले से दाम को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। इस दौरान दोनो पक्षो में जमकर गाली गलोच हुई। जिसके बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तलवारें चलानी शुरू कर दी। हमले में चार लोग घायल हुए। जिन्हें सिविल अस्पताल में ले जाया गया। जहा से उन्होंने मेडिकल जांच करवा मामले की शिकायत थाना मोती नगर की पुलिस को दी। घायलों की पहचान रामकृपाल, गणेश राम और लाला के रूप में हुई है।

# कुलविंदर ने सारस मेले में लगाई रौनक, लोगों ने मनोरंजन किया

**लुधियाना | (सुनील शिंगार)**

सारस मेले के दूसरे दिन पंजाबी सिंगर कुलविंदर बिल्ला ने रात के समय अपने गानों से मेले का समय बांधा। वहां पर पहुंचे हुए लोगों ने कुलविंदर बिल्ला के गानों पर खूब मनोरंजन किया और डांस भी किया। वहीं सारस मेले के दूसरे दिन में रविवार को मेले में पहुंचे लोगों ने वहां लगे स्टाल का खूब इंजॉय किया। अलग-अलग राज्यों के कलचर को देखकर लोगों ने उनके साथ फोटो खिंचवाई और सेल्फी भी खींची।

इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि बीते सालों की तरह इस बार सांस मिले में ज्यादा लोग पहुंच रहे हैं। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि इस बार सारस मेले में कई ऐसी नई चीज हैं जो कि वहां पर पहुंचने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। वहीं सोमवार को यानी मेले के तीसरे दिन मेले में बसंत कौर और परी पंढेर पहुंचेंगे। इससे पहले शनिवार रात को पंजाबी मशहूर गायक गुरदास मान ने अपनी गायकी से लोगों का इस मेले में मनोरंजन करवाया।

जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि आने वाली 13 तारीख तक रोजाना ही रात को लोगों के मनोरंजन के लिए कोई ना कोई गायक इस मेले में आकर अपनी परफॉर्मेंस देंगे जिससे लगातार लोगों का मनोरंजन होता रहेगा। इस मेले में पहुंचे हुए लोगों ने बताया कि मेले में कई ऐसी चीज हैं जो कि देखने लायक है।

इस मेले में स्टॉल लगाने वाले लोग बड़ी कंपनियों के कर्मचारी नहीं है बल्कि वह आम इंसान है जिन्होंने अपनी कला से चीजों को बनाया है। लोगों का मानना है कि इस मेले में जो भी स्टाल लगे हैं वह सब देखने लायक है जिसमें नई से नई चीज देखने को मिल रही है। ऐसे ही लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए इस मेले में पहुंचना चाहिए।

# इस जिले में खुलेगा नया केंद्रीय विद्यालय, छात्रों को मिलेगी बड़ी सुविधा




**चंडीगढ़ (ब्यूरो):** हरियाणा के नूंह जिले को जल्द ही केंद्रीय विद्यालय की सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय विद्यालय संगठन ने देशभर में 57 नए विद्यालयों की स्थापना को मंजूरी दी है, जिनमें नूंह का नाम भी शामिल है। केंद्रीय विद्यालय की आयुक्त प्राची पांडेय के आदेश के अनुसार, इन विद्यालयों की स्थापना कैबिनेट समिति आर्थिक मामलों की स्वीकृति के तहत की जा रही है। राज्य सरकार को 15 अक्टूबर तक विद्यालय के लिए निशुल्क भूमि हस्तांतरित करनी होगी तथा तब तक के लिए किराया-मुक्त अस्थायी भवन उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

आदेश में यह भी कहा गया है कि भूमि हस्तांतरण पर केंद्रीय विद्यालय को कोई शुल्क नहीं देना होगा और विद्यालय भवन संपत्ति कर, सेवा कर तथा नगरपालिका कर से पूर्णतः मुक्त रहेगा। इससे नूंह क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

# दिवाली 2025: राव नरबीर सिंह की अपील इस बार 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प के साथ मनाएं त्योहार

जैसे-जैसे दिवाली 2025 करीब आ रही है, हर कोई अपने घरों को सजाने और अपनों के लिए तोहफे खरीदने की तैयारियों में जुटा है। इसी मौके पर हरियाणा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने प्रदेशवासियों और देश के लोगों से एक खास अपील की है।

उन्होंने कहा है कि इस बार की दिवाली को हम सबको 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प के साथ मनाना चाहिए। यानी स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें, छोटे दुकानदारों, कारीगरों और स्वदेशी उद्योगों से खरीदी करें।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि दिवाली सिर्फ एक त्योहार नहीं, ये एक ऐसा अवसर है जब हम अपनी खुशियों में दूसरों को भी शामिल कर सकते हैं। अगर हम स्थानीय चीजें खरीदते हैं - जैसे देशी दीये, मिट्टी की मूर्तियां, हैंडमेड सजावट, स्थानीय मिठाइयां और वस्त्र - तो इससे लाखों छोटे कारोबारियों को फायदा होता है।



उन्होंने यह भी कहा कि भारत की आत्मा गांवों और छोटे कारोबारों में बसती है। जब हम स्थानीय सामान खरीदते हैं, तब हम सिर्फ एक चीज़ नहीं खरीद रहे होते - हम किसी की रोज़ी-रोटी, उसके हुनर और उसके सम्मान को भी आगे बढ़ा रहे होते हैं।

राव नरबीर सिंह ने देशवासियों से अपील की कि इस बार दिवाली पर विदेशी झालरों, प्लास्टिक की सजावट और चाइनीज उत्पादों से दूरी बनाएं। उनकी जगह देश में बने पर्यावरण अनुकूल, स्वदेशी और टिकाऊ उत्पादों को अपनाएं।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से भी कहा कि नया भारत तभी आत्मनिर्भर बनेगा, जब उसकी युवा पीढ़ी 'लोकल' को सपोर्ट करेगी और गर्व से अपनाएगी।

साथ ही, राव नरबीर सिंह ने लोगों से दिवाली को सादगी, स्वच्छता और आपसी सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि त्योहार में उत्साह हो, लेकिन आवाज़ नहीं - इसलिए कम शोर वाले, पर्यावरण के अनुकूल पटाखे ही चलाएं या उनकी जगह दीप जलाएं और सजावट करें।

अपनी बात के अंत में उन्होंने सभी देशवासियों को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा :

"आइए, इस दिवाली पर एक छोटा लेकिन मजबूत कदम उठाएं -

'वोकल फॉर लोकल' बनें, और दूसरों की दिवाली भी रोशन करें।"

# प्रेमी से साथ भागी 4 बच्चों की मां, सदमे में पति ने मासूमों संग लगाई यमुना में छलांग

**पानीपत (ब्यूरो) :** पानीपत में एक ऐसा दर्दनाक मामला सामने आया है जिसने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। यहां एक महिला के प्रेमी संग फरार होने के बाद उसके पति ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ यमुना नदी में छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस और गोताखोरों की टीमें मौके पर पहुंचकर लापता पिता और बच्चों की तलाश में जुट गई हैं।

मामला कैराना के मोहल्ला खेलकलां का बताया जा रहा है। यहां के रहने वाले सलमान सैफी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा था। बताया जा रहा है कि कुछ दिनों पहले सलमान की पत्नी प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई। इससे सलमान गहरे सदमे में चला गया।





जानकारी के अनुसार, सलमान ने हताशा में आकर अपने चारों बच्चों—12 साल की महक, आठ साल की इनायता, चार साल की सीफा और तीन साल के बेटे अनायन—को लेकर यमुना नदी पर पहुंचा। वहां उसने एक वीडियो रिकॉर्ड किया जिसमें वह अपनी पत्नी और हालातों का जिक्र करते हुए कहता है कि अब उसके पास जीने का कोई कारण नहीं बचा। वीडियो रिकॉर्ड करने के बाद उसने यह वीडियो अपनी बहन को भेज दिया और फिर बच्चों समेत नदी में छलांग लगा दी।

वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। सूचना मिलते ही हरियाणा और उत्तर प्रदेश की पुलिस, साथ ही गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और इंजन बोट मशीनों की मदद से यमुना में तलाश शुरू कर दी। देर शाम तक नदी से किसी का पता नहीं चल सका था, लेकिन रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

पीड़ित की बहन ने पुलिस को बताया कि उसकी भाभी पहले भी कई बार घर छोड़कर अपने प्रेमी के पास चली जाती थी। परिवार ने कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन इस बार वह दोबारा फरार हो गई। इससे सलमान मानसिक रूप से टूट गया और उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। सभी यमुना किनारे डूबे परिवार की तलाश में मदद कर रहे हैं। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी की तलाश भी शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गरीबी और सामाजिक ताने-बाने के बीच यह परिवार पहले से ही परेशान था, लेकिन पत्नी के चले जाने से सलमान पूरी तरह टूट गया।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और महिला की तलाश के साथ-साथ यमुना नदी में सर्च ऑपरेशन जारी है। यह दर्दनाक घटना समाज में रिश्तों की नाजुकता और मानसिक तनाव की गहराई को उजागर करती है, जिसने एक पिता को अपनी संतान समेत जिंदगी खत्म करने पर मजबूर कर दिया।

# हरियाणा में कांग्रेस की सद्भाव यात्रा शुरू, बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में कई बड़े नेता हुए शामिल

**हरियाणा (ब्यूरो) :** हरियाणा में कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश में आपसी भाईचारा और एकता बढ़ाने के लिए एक अहम पहल की है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के नेतृत्व में आज सद्भाव यात्रा की शुरुआत की गई। यह यात्रा जींद जिले के नरवाना क्षेत्र के गांव दनौदा से शुरू होकर पूरे हरियाणा में विभिन्न इलाकों में निकाली जाएगी।



इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने गांव दनौदा के बिनैण खाप के सभा पर जाकर यात्रा को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई। इस सद्भाव यात्रा का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में सामाजिक सद्भाव, भाईचारा और विकास का संदेश फैलाना है। यात्रा में कांग्रेस के कई प्रमुख नेता शामिल हुए। राजस्थान के चूरू से सांसद राहुल कस्वां, कैथल के विधायक आदित्य सुरजेवाला, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, हरियाणा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुधा यादव, उचाना की पूर्व विधायक प्रेमलता सिंह, महिला नेता जसमीत कौर, लाजवंती ढिल्लों और गायत्री यादव भी इस यात्रा में भाग ले रहे हैं। इससे कांग्रेस की युवा और महिला नेतृत्व की मजबूती भी जाहिर होती है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यह सद्भाव यात्रा प्रदेश में एकजुटता का संदेश देगी और जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों और योजनाओं को पहुंचाने का एक माध्यम बनेगी। वे लोगों से संवाद करेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और समाधान निकालने की कोशिश करेंगे।

इस यात्रा के दौरान पार्टी के नेता विभिन्न गांवों और कस्बों में पहुंचकर आम जनता से मिलेंगे, उनके सुझाव लेंगे और प्रदेश में विकास के नए रास्ते खोजने की दिशा में काम करेंगे। कांग्रेस का मानना है कि देश और प्रदेश में स्थिरता तभी आएगी जब लोग एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहेंगे और राजनीति को सकारात्मक दिशा देंगे।

हरियाणा की इस सद्भाव यात्रा को पार्टी का एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है, जिससे चुनावी माहौल में भी सकारात्मकता और विकास की उम्मीदें बढ़ेंगी।


# अनोखा आविष्कार : बिना किसी एनर्जी सोर्स के फर्राटे से दौड़ेंगे वाहन एवं बिजली उपकरण




**पलवल, 05 अक्टूबर (सुन्दर कुंडू) :** शहर की भाटिया कॉलोनी के रहने वाले चाचा - भतीजे द्वारा किये गए ग्रेविटी इंजन के अनोखे अविष्कार में आये दिन नई तकनीक जुड़ती जा रही है जो दुनिया में एकमात्र मिसाल है। साइंस के मुताबिक ग्रेविटी इंजन का दुनिया में पहला अविष्कार है जो साइंस के फार्मूला को ब्रेक कर एनर्जी के क्षेत्र में नई क्रांति लाने का काम करेगा। ग्रेविटी एनर्जी के आविष्कारक अंजू तंवर और श्रवण के मुताबिक उन्होंने पहले ग्रेविटी इंजन का आविष्कार किया था जो बिना किसी डीजल, पेट्रोल या किसी इलेक्ट्रिक एनर्जी के कार्य करता है जो ग्रेविटी को ही एनर्जी के रूप में बदलकर कार्य करता है अब इसी में और दो नए प्रयोग किये हैं जिनमें उसी ग्रेविटी इंजन से बिजली का उत्पादन किया जा रहा है जो पहले एक कल्पना मात्र था लेकिन अब उसे भी उन्होंने संभव कर दिखाया है। आपको बतादें की आविस्कारकों द्वारा अब इसके पेटेंट के लिए भेजा जा चुका है। ग्रेविटी इंजन तैयार करने वाले अंजू तंवर ने बताया की अब बहुत जल्द कोई भी वाहन, इंडस्ट्रीज व् अन्य सभी उपकरण जो पहले पेट्रोल, डीजल या इलेक्ट्रिसिटी से चलते थे वो ग्रेविटी इंजन से चलेंगे और पर्यावरण भी प्रदूषण मुक्त होगा। चाचा भतीजे द्वारा पलवल जैसे इलाके में हुए इस अविष्कार को देखने के लिए बड़े- बड़े संस्थानों के प्रोफेसर्स, इंजिनीर्स यहाँ आ रहे हैं उनका दावा है की यह विश्व की एकमात्र तकनीक बहुत जल्द मार्किट में होगी। जिससे दुनिया में चल रही एनर्जी सोर्स की समस्या खत्म हो जाएगी। उन्होंने बताया की शुरुआत में जब हम इस संबंध में देश और प्रदेश स्तर के वैज्ञानिकों से चर्चा करते थे तो वो कहते थे की यह कभी भी नहीं हो सकता यह एक असंभव कार्य है लेकिन हमने अपने प्रयास जारी रखे और लम्बे संघर्ष के आखिर हमें सफलता मिली। उन्होंने कहा की अविष्कार को करने में उन्हें 20 वर्ष का समय लगा है और करीब साढ़े चार करोड़ रुपये की लागत आई है इस दौरान उन्हें अपनी पैतृक जमीन भी बेचनी पड़ी. लोगों के सामने मजाक का प्रतीक भी बनना पड़ा है लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी जिसमें अब लम्बे समय बाद उन्हें कामयाबी हासिल हुई है। उन्होंने बताया की अब से पहले जो भी उपकरण मार्किट में प्रचलित हैं उनपर लोड/दबाब बढ़ने से एनर्जी खर्च भी बढ़ जाता है लेकिन ग्रेविटी फ़ोर्स से तैयार इन उपकरणों में ऐसा कुछ नहीं है लोड बढ़ाने पर भी एनर्जी खर्च वोही रहता है हम इसमें बाइक में प्रयोग होने वाली बैटरी का उपयोग करते है और सबसे बड़ी विशेषता यह है की बैटरी को चार्ज करने के लिए कोई अतिरिक्त चार्जिंग सोर्स की आवश्यकता भी नहीं है उस बैटरी को भी चार्ज खुद यह ग्रेविटी इंजन करता है। उन्होंने बताया की सबसे पहले उन्होंने एक जमीन से वजन उठाने की मशीन, एक गन्ने का रस निकलने की मशीन और गाड़ियों को चलाने के लिए मशीन निर्मित की थी जो केवल 3 एम्पीयर की मामूली एनर्जी पर कार्य करती है चाहे उनपर कितना ही वर्क लोड बढ़ाया जाये। इसी में उन्होंने अब 2 नए प्रयोग किये हैं जिनमें एनर्जी सोर्स के इनपुट आउटपुट के अंतर् को डबल कर दिया जो पहले बराबर भी नहीं था। न ही साइंस के अनुसार यह तथ्य संभव था। जो अब इस अविष्कार से संभव है। उन्होंने कहा की इस तरह की डिवाइस, व्हीकल और किसी भी प्रकार का इंजन अभी भारत ही नहीं बल्कि पुरे विश्व में कहीं नहीं है अब पहले जो उपकरण मार्किट में हैं वो वन इक्वल वन पर आधारित होती है यानि जितना वर्क लोड उतना एनर्जी खर्च लेकिन हमारी जो डिवाइस है वो बिलकुल खर्च मुक्त तो है ही साथ ही किसी तरह का पॉलुशन भी नहीं है। उन्होंने कहा की उन्हें कई देशों से इस संबंध में ऑफर भी मिला है लेकिन उनकी इच्छा है की हम इसे अपने देश में ही लांच करें।

# हिसार चंडीगढ़ हाईवे पर रुमल के परिजनों ने लगाया जाम, रास्ता रोक कर बदमाशों ने की थी हत्या

**कुरुक्षेत्र (ब्यूरो):** कुरुक्षेत्र के कस्बा पिहोवा में हिसार-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे-152 पर रुमल के परिजनों ने जाम लगा दिया। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे डी पी एस निर्मल सिंह ने उनको समझाने की कोशिश की, लेकिन परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। करीब आधे घंटे बाद परिजन डी पी एस के जांच सीआईए के हवाले करने और जल्द गिरफ्तारी के आश्वासन पर जाम खोलने पर राजी हो गए। दरअसल, बीती रात NH-152 पर बदमाशों ने रास्ता रोककर रुमल की चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। इस हमले में उसकी आतें और लीवर बाहर आ गए। मर्डर के बाद आरोपी बाइक पर फरार हो गए। घटना करीब रात 10 बजे की है। मृतक की पहचान रुमल (32) निवासी मलिकपुर के रूप में हुई। रुमल पिहोवा की अनाज मंडी में आढ़ती के पास दुकान में काम करता था। रुमल अपने पीछे पत्नी सुकन्या, बेटी गुरप्रीत (12), अमीरा (9), निशु (6) और बेटे ईशान (4) को छोड़ गया। रुमल अपने परिवार का इकलौता सहारा था। रुमल के सहारे ही परिवार का पालन हो रहा था।





**खाना लेकर लौट रहा था मंडी**

सौरव निवासी मलिकपुर ने बताया कि बीती रात करीब 10 बजे उसके चाचा रुमल के साथी राम विश्वास निवासी सीतामढ़ी बिहार का फोन आया था। उसने बतलाया कि वह और रुमल बाइक पर खाना लेने के लिए मोटर मार्केट पिहोवा गए थे। खाना लेकर अनाज मंडी में दोबारा अपने काम पर लौट रहे थे।

**रास्ता रोक कर किया हमला :** जैसे ही वे दोनों हिसार-चंडीगढ़ हाईवे पर भट्ट माजरा और टीकरी गांव के बीच में संधु फॉर्म पहुंचे तो उसी समय पिहोवा की तरफ से बाइक पर आए 4 युवकों ने कट मारकर उनका उनका रास्ता रोक लिया। जब तक वे कुछ समझते बाइक से 2 युवक नीचे उतरे और उनमें से एक ने रुमल पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

**लीवर और आतें आई बाहर :** उस युवक ने रुमल पर 4 बार वार किया। इसमें 2 चाकू रुमल की बाजू पर लगे और 2 वार पेट में किए। पेट में चाकू लगते ही रुमल की आतें और लीवर बाहर गए और रुमल नीचे गिर गया। आरोपी अपनी बाइक पर फरार हो गए। उसने राहगीरों की मदद से रुमल को पिहोवा के प्राइवेट अस्पताल में पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने रुमल की जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस जांच में जुटी :** उधर, डीएसपी निर्मल सिंह ने बताया कि देर रात ही सूचना पाकर पुलिस अस्पताल पहुंची थी और शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने सौरव के बयान के आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने डॉक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया।

**रीढ़ की हड्डी से टकराया चाकू :** फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉ. गौरव कौशिक ने बताया कि मृतक की बाजू और पेट पर चाकू से कुल 4 वार किए गएमें हैं। एक वार उसके पेट से आरपार होकर रीढ़ की हड्डी से टकराया, जिससे उसकी आंतें और लीवर बाहर निकल गया। इससे रुमल की मौत हो गई।

# यमुनानगर में शराबी पति की पत्नी ने चाकू से की हत्या, 10 साल पहले हुई थी शादी



**यमुनानगर (ब्यूरो)।** यमुनानगर के खिजरी गांव में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। यहां एक महिला ने अपने ही पति की चाकू से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी महिला अपने पति की शराबखोरी और आए दिन होने वाले झगड़ों से परेशान थी।

मृतक की पहचान पवन कुमार के रूप में हुई है। वह अक्सर शराब पीकर घर आता था और पत्नी से मारपीट करता था। शुक्रवार रात भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। गुस्से में पत्नी ने रसोई में रखा चाकू उठाया और पति पर हमला कर दिया। चाकू सीधे उसके सीने में जा लगा, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। गंभीर हालत में परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी पत्नी को हिरासत में ले लिया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है। गांव वालों के मुताबिक, दोनों की शादी करीब 10 साल पहले हुई थी और उनके दो छोटे बच्चे हैं। पति के नशे की लत और घरेलू कलह के कारण घर में अक्सर झगड़े होते रहते थे।

फिलहाल पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी महिला से पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारी कह रहे हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी।

# पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट

**यमुनानगर (ब्यूरो) :** जिले के कस्बा प्रताप नगर के गांव खिजरी में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। दरअसल, दंपत्ति में हुए मामूली कहासुनी के चलते पत्नी ने पति की चाकू से गोद कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद पति ने खुद ही पुलिस को फोन किया और वारदात की सूचना दी। सूचना पुलिस के मौके पर आते ही आरोपी पत्नी मौके से फरार हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार दंपति में किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई की पत्नी ने घर में पड़े चाकू से ही अपने पति पर कई प्रहार कर डाले। पति सुखविंदर के सर मुंह, गर्दन और छाती पर उसकी पत्नी ने कई चाकू से वार किए, जिससे सुखविंदर खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद पत्नी ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही जब पुलिस मौके पर पहुंची तो तभी आरोपी पत्नी मौके से फरार हो गई। पुलिस ने खून से लथपथ सुखविंदर को तुरंत प्रताप नगर के अस्पताल में ले गए, यहां डॉक्टरों ने उसे यमुनानगर सिविल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद उसे मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अनाज मंडी में दूषित पानी पीने से मजदूर बीमार, 38 अस्पताल में भर्ती

**शाहाबाद मारकंडा :** अनाज मंडी में दूषित दर्जन पानी पीने से एक के बाद एक दर्जन मजदूरों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। सभी ने उल्टी व दस्त की एक समान शिकायत की। देखते ही देखते मध्य रात्रि जब मजदूरों की तबीयत बिगड़ने के मामलों की संख्या बढ़ी तो मंडी प्रशासन के भी हाथ-पांव फूल गए। सिविल अस्पताल के एडिशनल एस.एम.ओ. डा. कुलदीप राज ने बताया कि वर्तमान में सिविल अस्पताल में डायरिया के 38 मजदूर भर्ती हैं। तबीयत ज्यादा बिगड़ने की वजह से एक मजदूर को कुरुक्षेत्र के एल.एन. जे. पी. अस्पताल में रैफर किया गया है। सिविल अस्पताल में भर्ती मजदूर अरविंद, प्रवेश, राहुल व मलखान ने बताया कि दूषित पानी पीने की वजह उन्हें रात को दस्त और उल्टियां हुई। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर उन्हें सिविल अस्पताल में भर्ती कर लिया गया।

अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान स्वर्णजीत सिंह कालड़ा ने बताया कि दूषित पानी पीने की वजह से अनाज मंडी में 100 से अधिक मजदूर बीमार हैं। ऐसे में सिविल अस्पताल के अलावा कुछ मजदूर प्राइवेट अस्पतालों से इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में गोदाम के सामने पिछले 8 महीने से सीवरेज व पानी का पाइप लीक है। इस बारे मार्कीट कमेटी को कई बार शिकायत भी दी जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की।

उधर, स्वास्थ्य विभाग सहित उपमंडल प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए है। कुरुक्षेत्र के डिप्टी सिविल सर्जन डा. प्रदीप की अगुवाई में एस.एम.ओ. डा. कीर्ति शर्मा व एडिशनल एस.एम.ओ. डा. कुलदीप राज ने अपनी पूरी टीम के साथ शाहाबाद अनाज मंडी का दौरा किया व मैडीकल कैंप लगाकर मजदूरों की जांच करके उन्हें दवाइयां भी दी गई।

# हरियाणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार पर बोला हमला

**गुरुग्राम।** हरियाणा कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने गुड़गांव में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने संगठन से जुड़े कार्यों, विचारों और सुझावों पर चर्चा की। राव नरेंद्र सिंह ने पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव द्वारा लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "मेरी छवि कैसी है, यह हाईकमान जानता है। सोच-समझकर ही उन्होंने निर्णय लिया है। इस पर टिप्पणी करना मुझे शोभा नहीं देता।" उन्होंने कहा कि वे 1996 से अब तक सात विधानसभा और एक लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। जीत या हार से ज़्यादा महत्वपूर्ण जनता का प्यार है, जो उन्हें लगातार मिलता रहा है। राव नरेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार के एक साल पूरे होने पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि "गरीब और बेरोजगारों की संख्या बढ़ रही है, छोटे व्यापारी और कर्मचारी दुखी हैं, जबकि कुछ पूंजीपति



अमीर होते जा रहे हैं। महंगाई ने 36 बिरादरी को परेशान कर दिया है।" उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार "वोट चोरी करके बनाई गई है" और अब कांग्रेस "वोट चोर गद्दी छोड़ो" अभियान चलाएगी। राव ने बताया कि 7 अक्टूबर को जिला अध्यक्षों की बैठक होगी, जिसमें BLA नियुक्त किए जाएंगे और संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा। जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने बताया कि राव नरेंद्र सिंह के पदग्रहण समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने कहा कि "हम सभी साथी कल चंडीगढ़ जाकर इस समारोह को ऐतिहासिक बनाएंगे।" उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस में कोई विरोध नहीं है, हर कार्यकर्ता अपनी राय रख सकता है क्योंकि कांग्रेस एक लोकतांत्रिक पार्टी है। उन्होंने कहा "छोटी-मोटी बातें हर बड़े परिवार में होती रहती हैं, लेकिन इससे कोई नुकसान नहीं होगा। कांग्रेस पार्टी और मज़बूती के साथ हरियाणा में उभरेगी।

# सुबह खाली पेट खाएं ये 5 फल

पायल मोहिंद्रा

आमतौर पर हम फ्रूट्स का सेवन सलाद, जूस और शेक आदि के रूप में करते हैं। सभी फल हमारी हेल्थ के लिए कितने फायदेमंद हैं, ये तो हम सभी जानते हैं। लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि कुछ फल ऐसे होते हैं जिन्हें खाली पेट खाने से फायदे डबल हो जाते हैं?

इन फलों को खाने से न केवल आपकी एनर्जी लेवल बढ़ती है, बल्कि स्किन, डाइजेशन सिस्टम और पूरे शरीर के हेल्थ के लिए भी फायदेमंद हैं। हालांकि, कुछ फल ऐसे भी हैं जिन्हें खाली पेट नहीं खाना चाहिए। इन फलों को खाली पेट खाने से हेल्थ को नुकसान पहुंच सकता है।



**आइए आज हम जरूरत की खबर में जानेंगे कि-**
**इन फ्रूट्स को खाली पेट खाने से ज्यादा फायदे मिलते हैं?**
**खाली पेट खाने से क्या ज्यादा फायदा मिलता है?**
**5 फ्रूट्स, जिन्हें खाली पेट नहीं खाना चाहिए?**

**किन फ्रूट्स को खाली पेट खाना ज्यादा फायदेमंद होता है?**
फल खाना हमेशा फायदेमंद होता है, चाहे आप उन्हें किसी भी समय या किसी भी तरह खाएं। लेकिन कुछ फल ऐसे हैं जिन्हें खाली पेट खाने से ज्यादा फायदा मिलता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि खाली पेट खाने से इन फलों के न्यूट्रिएंट्स शरीर में आसानी से पहुंच जाते हैं। आइए, ग्राफिक के जरिए जानते हैं कौन से फल खाली पेट खाए जा सकते हैं।

**क्या डायबिटीज में भी खाली पेट फल खाने चाहिए?**
नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन में साल 2024 में पब्लिश्ड एक स्टडी के मुताबिक, खाली पेट फल खाने या सिर्फ फल खाने की बजाय किसी प्रोटीन, फैट या फाइबर वाले भोजन के साथ खाना फायदेमंद हो सकता है। ऐसा करने से फलों में पाई जाने वाली शुगर की मात्रा धीरे-धीरे छोटी आंत में पहुंचती है, जिससे ब्लड शुगर लेवल अचानक स्पाइक नहीं होता है। यदि आपको डायबिटीज की बीमारी है तो इन फ्रूट्स को खाली पेट खाने से बचें। हालांकि, डायबिटीज कंट्रोल्ड है तो आप इन फलों को स्प्राउट्स के साथ खा सकते हैं। इससे आपका ब्लड शुगर लेवल स्पाइक नहीं होगा। अगर आप डायबिटीक हैं तो कुछ फलों को खाली पेट नहीं खाना चाहिए। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं।

**क्या खाली पेट फलों का जूस पीना चाहिए?**
खाली पेट जूस पीने से ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। जूस पीने के बजाय फल खाना हेल्थ के लिए ज्यादा अच्छा है। फल खाने से ब्लड शुगर लेवल स्पाइक नहीं करता है, जिससे शरीर को ऊर्जा मिलती है। फलों में फाइबर अधिक होता है। इससे डाइजेशन सिस्टम बेहतर होता है और पेट को लंबे समय तक भरा रहता है। इससे वजन कम करने में भी मदद मिलती है।

**खाली पेट फल खाने से ज्यादा फायदा क्यों होता है?**
फल कई सारे विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं। जब पेट पूरी तरह खाली होता है तो फलों में मिलने वाले न्यूट्रिएंट्स को अच्छे से अवशोषित करता है। आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं।

**कौन-से ऐसे फल हैं, जिन्हें खाली पेट नहीं खाना चाहिए?**
न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. अमृता मिश्रा बताती हैं कि कुछ फल, जिनमें विटामिन C की मात्रा ज्यादा पाई जाती है ऐसे फलों को खाली पेट खाने से परहेज करना चाहिए। इन्हें खाली पेट खाने से गैस, अपच और दूसरी तरह की कई सारी समस्याएं हो सकती हैं। हालांकि आइए इसे ग्राफिक के जरिए समझते हैं।

**कुछ पॉइंट्स को विस्तार से समझते हैं**
आम में फ्रुक्टोज की मात्रा अधिक होती है। ऐसे में आम का फल खाली पेट खने से ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकता है। इससे अचानक ऊर्जा की कमी हो सकती है और पाचन की समस्या हो सकती है। इससे डायबिटीज का खतरा पैदा हो सकता है।

संतरा खाली पेट खाने से बचना चाहिए क्योंकि समें मौजूद एसिड पेट पर सीधे असर डाल सकता है। इससे पेट जलन, एसिडिटी या अपच की समस्या हो सकती है।

**क्या डायबिटीज के मरीज भी खाली पेट फल खा सकते हैं?**
अगर आपका ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल्ड है और कोई रिस्क नहीं है तो आप खाली पेट फल खा सकते हैं।

**क्या रात में खाली पेट फल खाने से नींद पर असर पड़ सकता है?**
नेशनल स्लीप फाउंडेशन के मुताबिक, रात के समय प्रोसेस्ड फूड खाने से नींद उड़ सकती है। जबकि रात में फ्रूट्स खाना किसी भी प्रोसेस्ड फूड की तुलना में आपकी नींद के लिए फायदेमंद होता है।

**क्या खाली पेट एक ही तरह के फल खाने चाहिए या मिक्स फल खाना फायदेमंद है?**
मिक्स फल खाने से शरीर के लिए जरूरी कई सारे न्यूट्रिएंट्स की कमी पूरी होती है। हालांकि, फलों के अलग-अलग गुणों के कारण नुकसान भी हो सकते हैं। कोई स्वास्थ्य समस्या हो तो मिक्सड फल खाने से पहले डॉक्टर से सलाह लें।

**फल खाने के कितनी देर तक चाय या कॉफी नहीं पीनी चाहिए?**
फल खाने के बाद एक से डेढ़ घंटे तक चाय या कॉफी नहीं पीनी चाहिए। इससे एसिडिटी, गैस जैसी समस्या हो सकती हैं।
फलों में पाए जाने वाले न्यूट्रिएंट्स और फाइबर पेट के लिए फायदेमंद होते हैं, लेकिन चाय-कॉफी में मौजूद कैफीन और टैनिन आयरन के अवशोषण को कम कर सकते हैं।
इससे शरीर के लिए जरूरी न्यूट्रिएंट्स नहीं मिल पाते हैं। चाय-कॉफी से पेट में जलन और ब्लोटिंग भी हो सकती है।



# खाली पेट न खाएं ये 10 चीजें

हम कब, क्या और कैसे खाते हैं, इसका हमारी सेहत पर सीधा असर पड़ता है। खासकर सुबह की पहली डाइट हमारे पाचन तंत्र, मेटाबॉलिज्म और पूरे दिन के एनर्जी लेवल को गहराई से प्रभावित करती है। यही हमारे दिनभर की सेहत की बुनियाद भी तय करती है। इसलिए सुबह की डाइट हेल्दी होनी चाहिए।

हालांकि कुछ ऐसे फूड्स हैं, जिन्हें सुबह के समय खाली पेट खाने से बचना चाहिए क्योंकि लंबे समय में ये कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं।

तो चलिए, आज 'जरूरत की खबर' में बात करेंगे कि सुबह खाली पेट कौन सी चीजें नहीं खानी चाहिए। साथ ही जानेंगे कि इस समय अपनी डाइट में कौन से फूड्स शामिल करना फायदेमंद है।

**सुबह खाली पेट कौन सी चीजें खाने से बचना चाहिए?**
सुबह का समय शरीर के लिए सबसे संवेदनशील होता है। ऐसे में खाली पेट ऐसी चीजें नहीं खानी चाहिए, जो पेट पर अतिरिक्त बोझ डाले, एसिडिटी बढ़ाए या पाचन तंत्र को बिगाड़े।

**खट्टे साइट्रस फल (संतरा, मौसमी, नींबू)**
सबुह खाली पेट संतरा, मौसमी या अनानास जैसे खट्टे फल खाने से इनमें मौजूद सिट्रिक एसिड पेट में एसिडिटी, जलन और गैस पैदा कर सकती है।

**कोई भी मीठी चीज**
सुबह खाली पेट मीठा खाने से ब्लड शुगर लेवल अचानक बढ़ता है और थोड़ी देर बाद उतनी ही तेजी से गिर भी जाता है। इससे थकान, चिड़चिड़ापन और जल्दी भूख लगने जैसी समस्या हो सकती है।

**मीठे सीरियल्स या शुगरी कॉर्नफ्लेक्स**
बाजार में मिलने वाले शुगरी सीरियल्स में फाइबर बहुत कम और शुगर बहुत ज्यादा होती है। इन्हें खाली पेट खाने से एनर्जी तो तुरंत मिलती है, लेकिन जल्दी खत्म हो जाती है। इससे एनर्जी क्रैश, सिरदर्द और बार-बार भूख लग सकती है।

**कार्बोनेटेड ड्रिंक (कोल्ड ड्रिंक, सोडा)**
सुबह खाली पेट कार्बोनेटेड ड्रिंक लेने से पेट में गैस बन जाती है। इससे ब्लोटिंग, एसिड रिफ्लक्स की समस्या हो सकती है। इनमें मौजूद आर्टिफिशियल शुगर और केमिकल्स शरीर पर अतिरिक्त बोझ डालते हैं।

**रिफाइंड कार्ब**
ब्रेड, मैगी और पेस्ट्री जैसे रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट्स में फाइबर बहुत कम होता है। खाली पेट खाने से ये ब्लड शुगर को बढ़ा देते हैं और लंबे समय में पाचन तंत्र पर भी नकारात्मक असर डाल सकते हैं।

**कच्ची सब्जियां**
खीरा, टमाटर, शिमला मिर्च जैसी कच्ची सब्जियां फाइबर से भरपूर होती हैं। लेकिन खाली पेट इन्हें पचाना मुश्किल होता है। इससे अपच, गैस और पेट फूलने की समस्या हो सकती है।

**दही, छाछ या कोई भी डेयरी प्रोडक्ट**
खाली पेट डेयरी प्रोडक्ट्स लेने से इनमें मौजूद लैक्टिक एसिड और बैक्टीरिया पाचन को बिगाड़ सकते हैं। इससे एसिडिटी, गैस और पेट में असहजता हो सकती है। खासतौर पर जिन लोगों को लैक्टोज इंटॉलरेंस है, उन्हें इससे बचना चाहिए।

**चाय या कॉफी**
खाली पेट चाय या कॉफी पीने से कैफीन और टैनिन पेट की एसिडिटी को बढ़ा देते हैं। इससे जलन, गैस, अपच और आयरन के अब्जॉर्प्शन में कमी हो सकती है। लंबे समय तक आदत पड़ने पर अल्सर का खतरा भी बढ़ सकता है।

**तीखा या तेल-मसालेदार भोजन**
सुबह पेट पूरी तरह खाली होता है और उसकी लेयर संवेदनशील रहती है। ऐसे में मसालेदार या ऑयली भोजन लेने से इरिटेशन, एसिडिटी और अपच हो सकता है।

**आलू और शकरकंद जैसी स्टार्च वाली चीजें**
स्टार्च से भरपूर फूड्स खाली पेट गैस और ब्लोटिंग का कारण बन सकते हैं। साथ ही ये ब्लड शुगर को तेजी से बढ़ाते हैं, जिससे दिनभर थकान और सुस्ती महसूस हो सकती है।

**सुबह खाली पेट कौन सी चीजें खाना स्वास्थ्य के लिए बेहतर है?**
डॉ. अनु अग्रवाल बताती हैं कि सुबह खाली पेट ऐसे फूड्स का सेवन करना चाहिए, जो आसानी से पच जाएं, एसिडिटी न बढ़ाएं, एनर्जी दें और शरीर को हाइड्रेट रखें।

सुबह के समय मुनक्का खाना या रातभर भिगोए हुए मुनक्के का पानी पीना पाचन तंत्र के लिए बेहद फायदेमंद है। इसके अलावा सुबह-सुबह अपनी डाइट में कुछ और चीजें भी शामिल कर सकते हैं।

**खाली पेट गुनगुना पानी पीने से क्या होता है?**
सुबह खाली पेट 1-2 गिलास गुनगुना पानी पीने से शरीर डिटॉक्स होता है, पाचन क्रिया सक्रिय होती है और मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है।

**सुबह नाश्ता स्किप करने से सेहत पर क्या प्रभाव पड़ता है?**
इससे शरीर की एनर्जी गिरती है, मेटाबॉलिज्म धीमा होता है और दिनभर थकान महसूस हो सकती है। साथ ही बाद में ओवरईटिंग की संभावना भी बढ़ जाती है।

**जिम जाने वालों के लिए सुबह के ब्रेकफास्ट में क्या लेना चाहिए?**
जिम जाने वालों के लिए सुबह का ब्रेकफास्ट ऐसे होना चाहिए, जो शरीर को एनर्जी दे, पचने में आसान हो और प्रोटीन प्रदान करे। वर्कआउट से पहले हल्का लेकिन संतुलित डाइट लेना फायदेमंद है। इसमें ओट्स या दलिया जैसी फाइबर युक्त चीजें ले सकते हैं, जो धीरे पचकर लंबे समय तक एनर्जी देती हैं।

अंडे या




ग्रीक योगर्ट प्रोटीन का अच्छा सोर्स हैं और मसल बिल्डिंग में मदद करते हैं। साथ ही केला या सेब जैसे फल नेचुरल शुगर और तुरंत एनर्जी प्रदान करते हैं। नट्स और बीज जैसे बादाम, अखरोट, चिया या फ्लैक्ससीड हेल्दी फैट और प्रोटीन का अच्छा सोर्स हैं। ब्रेकफास्ट जिम से लगभग 30–60 मिनट पहले लें और बहुत भारी या ऑयल भोजन से बचें, ताकि वर्कआउट के दौरान पेट में कोई असहजता न हो।

**क्या सुबह आयुर्वेदिक काढ़ा या हर्बल टी लेना ठीक है?**
ये आमतौर पर सुरक्षित और फायदेमंद है, बशर्ते उसमें कैफीन या शुगर न हो। ये शरीर को हल्की एनर्जी देते हैं और पाचन तंत्र को सक्रिय करते हैं। अदरक, हल्दी, दालचीनी, तुलसी या पुदीना जैसे हर्ब्स वाले काढ़े या टी इन्फ्लेमेशन कम करने और एंटीऑक्सिडेंट सपोर्ट देने के लिए भी अच्छे माने जाते हैं।

**वजन घटाने वालों को सुबह खाली पेट क्या खाना चाहिए?**
वजन घटाने वालों के लिए सुबह खाली पेट ब्रेकफास्ट ऐसा होना चाहिए, जो भूख को कंट्रोल करे, मेटाबॉलिज्म को बढ़ाए और लंबे समय तक एनर्जी दे। इसके लिए हल्का और फाइबर व प्रोटीन युक्त डाइट सबसे बेहतर है।
ओट्स या दलिया जैसी फाइबर-रिच चीजें धीरे पचती हैं और लंबे समय तक पेट भरा रखने में मदद करती हैं। अंडे, ग्रीक योगर्ट या नट्स प्रोटीन का अच्छा सोर्स हैं और मसल्स के लिए फायदेमंद भी हैं। साथ ही पर्याप्त पानी पीना और मसालेदार, ऑयली या शुगरी फूड से बचना जरूरी है, ताकि शरीर फैट बर्निंग मोड में रह सके।





## चुटकुले

## हंस हंस हो जाओगे लोटपोट

गर्लफ्रेंड ने मुझे मेसेज भेजा की "माता-पिता से बढ़कर कोई नही होता"
मैंने भी जवाब दिया : तो हम भी माता-पिता बन जाये,
तो ब्लॉक कर दिया चुड़ैल ने।

-----------------

कल रास्ते में स्कूल में साथ पढ़ने वाली एक लड़की दिखी,
मैंने पूछ लिया : तुम्हें याद है हम साथ में पढ़ते थे,
उसने जवाब दिया: पढ़ती तो मैं थी, तू तो मुर्गा बनता था

-----------------

मैडमः पप्पू, मैंने तुम्हें थप्पड मारा, इसका भविष्य काल बताओ?
पप्पू : मैडम, छुट्टी के बाद आपकी ऍक्टिवा पंचर मिलेगी।
दे थप्पड़ ! दे थप्पड़

-----------------

पत्नी: कहाँ जा रहे हो?
पति(गुस्से से) : मरने जा रहा हूँ।
पत्नी: साथ मे थैली लेकर जाना।
पति: वो क्यो?
पत्नी: अगर इरादा बदल जाये तो, आते समय एक किलो आलू और टमाटर लेते आना।

-----------------

पिता : बेटा, एक जमाना था जब मैं 10 रुपए लेकर बाजार जाता था
और किराना, सब्जी, दूध सब ले आता था।
बेटा : पिताजी अब जमाना बदल गया है।
आजकल हर दुकान पर CCTV कैमरे लगे रहते हैं।
दे थप्पड़ दे थप्पड़

-----------------

पापा : बेटी बड़ी होकर क्या करोगी?
लड़की : शादी...
पापा : गलत बात हैं
अभी से किसी का बुरा नही सोचते।

संपादकः अर्शदीप सिंह। श्रीमती जोगिंदर कौर, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 31

# हिमाचल में राजनीतिक करवट, भाजपा खेमे में बढ़ी गर्माहट



हिमाचल प्रदेश की राजनीति में इस समय जो हलचल दिखाई दे रही है, उसे केवल संयोग कहकर नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। पिछले कुछ महीनों से हमीरपुर से सांसद और पूर्व कैबिनेट मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर जिस फुर्ती और सक्रियता के साथ जिलों का लगातार दौरा कर रहे हैं, उसने राजनीतिक चर्चाओं को नई ऊर्जा दी है। यह सक्रियता मात्र एक युवा नेता की महत्वाकांक्षा भर है या इसके पीछे भारतीय जनता पार्टी की कोई व्यापक रणनीति छिपी है, यह अब प्रदेश की राजनीति का सबसे बड़ा सवाल बन गया है।

बीजेपी की सियासत पर बारीकी से नज़र डालें तो संकेत साफ हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का नाम एक बार फिर प्रदेश की राजनीति से जोड़ा जाने लगा है। नड्डा न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के बेहद करीबी माने जाते हैं, बल्कि संगठनात्मक दृष्टि से भी उनका कद असाधारण है। यह कोई पहला अवसर नहीं है जब नड्डा का नाम मुख्यमंत्री पद की चर्चा में आया हो। 2017 के विधानसभा चुनाव में भी जब तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल चुनाव हार गए थे, तब नड्डा का नाम सीएम पद के लिए प्रबल दावेदारों में शामिल था। मगर परिस्थितियाँ ऐसी बनीं कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें केंद्र में रोकना ही बेहतर समझा और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा पद सौंपा गया।

हिमाचल की राजनीति के जानकार मानते हैं कि नड्डा और धूमल गुट के बीच खींचतान किसी से छिपी नहीं रही। यही वजह थी कि नड्डा ने दिल्ली की राजनीति पर अपना ध्यान केंद्रित किया और देखते ही देखते उनका कद राष्ट्रीय स्तर पर मज़बूत होता चला गया। लेकिन अब सवाल यह है कि क्या नड्डा एक बार फिर प्रदेश की राजनीति का रुख करेंगे? अगर ऐसा होता है, तो यह केवल नेतृत्व परिवर्तन का विषय नहीं होगा, बल्कि संगठन और सरकार दोनों के भीतर नए समीकरण गढ़े जाएंगे।

इस संदर्भ में अनुराग ठाकुर की भूमिका और भी अहम हो जाती है। हाल के दौरों में उनकी बढ़ती सक्रियता और जनता के बीच उनकी पहुँच एक अलग राजनीतिक संदेश देती है। सूत्रों के हवाले से यह भी कहा जा रहा है कि नड्डा और अनुराग ठाकुर के रिश्ते अब पहले से कहीं बेहतर हैं। यदि यह समीकरण सशक्त रूप से आगे बढ़ता है तो बीजेपी के लिए यह एक ऐसा संयोजन हो सकता है जो प्रदेश की सियासत को अगले कई वर्षों तक स्थिरता प्रदान करे।

फिर भी, यह समझना ज़रूरी है कि हिमाचल की राजनीति हमेशा बहुस्तरीय रही है। यहाँ जनता केवल व्यक्तित्व से प्रभावित नहीं होती, बल्कि स्थानीय मुद्दों, क्षेत्रीय संतुलन और जातीय समीकरणों की भी गहरी भूमिका रहती है। इसलिए चाहे नड्डा की संभावित वापसी हो या अनुराग ठाकुर की उभरती सक्रियता इन सबको जमीन पर स्वीकार्यता दिलाने के लिए पार्टी को बेहद संतुलित और गहरी रणनीति की आवश्यकता होगी।

मौजूदा मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के भविष्य को लेकर भी चर्चा तेज़ है। यदि नड्डा प्रदेश में आते हैं, तो यह संभावना जताई जा रही है कि जयराम ठाकुर को केंद्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। इस तरह से पार्टी तीनों बड़े चेहरों, नड्डा, अनुराग और जयराम को सम्मानजनक स्थान देने की कोशिश कर सकती है, ताकि किसी भी तरह की असंतुलन की स्थिति पैदा न हो।


हिमाचल का राजनीतिक इतिहास इस बात का गवाह है कि यहाँ नेतृत्व परिवर्तन और नए चेहरों का उदय कभी आकस्मिक नहीं होता।

इसके पीछे महीनों की तैयारी और लंबी रणनीति काम करती है। आज जो तस्वीर अनुराग ठाकुर की सक्रियता और नड्डा की संभावित वापसी के रूप में दिख रही है, वही आने वाले वर्षों में प्रदेश की राजनीति की नई परिभाषा गढ़ सकती है।

फिलहाल यह सब कयासों और सूत्रों पर आधारित है, लेकिन संकेत यही हैं कि हिमाचल की राजनीति एक नए मोड़ की ओर बढ़ रही है। आने वाले समय में यह मोड़ प्रदेश की सियासी धारा को किस दिशा में मोड़ेगा, यही देखना सबसे रोचक होगा।

**मोहित प्रेम शर्मा (संपादक, हिमाचल प्रदेश)**

# धौलाधार पर बर्फबारी से बढ़ी ठंड, धर्मशाला में सर्दियों का आगाज



**धर्मशाला, (राहुल)**
------------------

कांगड़ा घाटी में रविवार को हुई तेज बारिश के साथ ही धौलाधार की चोटियों पर सीजन की पहली बर्फबारी दर्ज की गई। इससे पूरे क्षेत्र में ठंडक बढ़ गई है और सर्दियों की दस्तक साफ महसूस की जा सकती है। सुबह से ही तेज हवाओं और बारिश ने मौसम को पूरी तरह बदल दिया। कई इलाकों में पेड़ों के गिरने की खबरें भी सामने आई हैं। धौलाधार की पहाड़ियों पर सफेद चादर ओढ़े बर्फ ने नज़ारे बेहद मनमोहक बना दिए हैं। अक्टूबर में हुई यह बर्फबारी इस बार सर्दियों के जल्दी आने का संकेत मानी जा रही है। धर्मशाला, मैक्लोडगंज और आसपास के क्षेत्रों में लोगों ने गर्म कपड़े पहनने शुरू कर दिए हैं। पर्यटन व्यवसायियों के चेहरों पर भी रौनक लौट आई है, क्योंकि बर्फबारी के साथ ही सर्दियों के पर्यटन सीजन की अच्छी शुरुआत होने की उम्मीद बढ़ गई है।

# "वोट चोर, गद्दी छोड़" अभियान की हिमाचल में शुरुआत, कांग्रेस जुटाएगी एक लाख हस्ताक्षर




**शिमला, (द समर न्यूज)** : हिमाचल कांग्रेस ने शनिवार को शिमला स्थित राजीव भवन से "वोट चोर, गद्दी छोड़" हस्ताक्षर अभियान का आगाज़ किया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अभियान की शुरुआत की। कांग्रेस का लक्ष्य है कि राज्य के सभी जिलों से एक लाख हस्ताक्षर जुटाकर 15 अक्टूबर से पहले आलाकमान को सौंपे जाएं।

अभियान को लेकर कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपमुख्यमंत्री और अभियान संयोजक मुकेश अग्निहोत्री मौजूद रहे। वहीं, हिमाचल कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए भाग लिया।कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि 68 विधानसभा क्षेत्रों से हस्ताक्षर जुटाए जाएंगे और 13 अक्टूबर को इन्हें प्रियंका गांधी वाड्रा को सौंपा जाएगा।प्रियंका गांधी उस दिन शिमला में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शिरकत करने आ रही हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि भाजपा ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी कर चुनाव परिणाम प्रभावित किए।राहुल गांधी ने इस पर साक्ष्य भी प्रस्तुत किए हैं। इसी के चलते कांग्रेस ने यह अभियान छेड़ा है।उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जिलों में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।साथ ही, राजीव भवन में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा ताकि डुप्लीकेट हस्ताक्षरों से बचा जा सके।मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लोकतंत्र में वोट चोरी जैसी प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। बूथ स्तर पर मतदाता सूची में गड़बड़ी से लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बड़ा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल से शुरू हुआ यह अभियान राष्ट्रीय स्तर तक ले जाया जाएगा।

# लो जी, सुन लो! अब तो जाग जाओ सरकार, वरना सड़कें निगल जाएंगी हमें!







बरसात को बीते कई दिन हो गए, लेकिन हिमाचल प्रदेश की सड़कों ने अब तक छुट्टी पर जाने का मन बना रखा है। राजधानी शिमला, जहां लोग हनीमून मनाने आते हैं, आजकल यहां आने के बाद लग रहा है कि मानो ऑफ-रोड रैली के लिए आए हों। कहीं गड्ढे हैं, कहीं सड़क का नामोनिशान नहीं। हालत यह है कि लोगों को समझ नहीं आता कि गड्ढों में सड़क है या सड़क में गड्ढे! पर्यटक यहां यादगार तस्वीरें खींचने आते हैं, लेकिन अब सेल्फी पॉइंट की जगह पॉटहोल पॉइंट मशहूर हो रहा है। इंस्टाग्राम पर #ShimlaRoads डालकर देखिए, आपको सड़क से ज्यादा गड्ढे ही नजर आएंगे।

लोग पहले ही ट्रैफिक जाम से परेशान थे, ऊपर से टूटी-फूटी सड़कों ने सफर को और रोमांचक बना दिया है। हालत यह है कि लोग कहते हैं, "शिमला आएं, तो गाड़ी मत लाए, क्योंकि आप यहां की सड़कों पर शायद पैदल चलकर अपने गंतव्य तक जल्दी पहुंच जाएं। और मजे की बात तो यह है कि PWD विभाग अब भी गहरी नींद में है। बरसात में सड़कें बह गईं, लेकिन मरम्मत का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ। विभाग का हाल ऐसा है मानो सड़कों के साथ इनका रिश्ता सिर्फ बरसात देखकर जागना और फिर सो जाना हो।

स्थानीय जनता अब गुस्से में है। लोग कह रहे हैं, "अब तो जाग जाओ सरकार, वरना अगली बार चुनाव में जनता गड्ढों से निकलकर आपको जवाब देगी।

कुल मिलाकर, शिमला की सड़कों ने पर्यटकों को एडवेंचर टूरिज्म मुफ्त में दे दिया है और स्थानीय लोगों को धैर्य साधना सिखा दिया है। लेकिन सवाल वही है, सड़क बनेगी कब? या फिर गड्ढे ही सड़क कहलाएंगे?

# शिक्षा और संस्कार ही भविष्य की असली कुंजी हैं" – पंचायती राज मंत्री







**शिमला, (द समर न्यूज)** – सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल ढली में शनिवार को वार्षिक उत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा समाज और देश के विकास की नींव है। उन्होंने बच्चों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के वीरों पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियों की सराहना की और कहा कि हमें हमेशा अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखना चाहिए।

**युवा पीढ़ी को नशे से बचाना हमारा कर्तव्य** : अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ संस्कार देना चाहिए। आज की युवा पीढ़ी नशे की समस्या की ओर बढ़ रही है, इसलिए समाज के सभी वर्गों का यह कर्तव्य है कि वे बच्चों को नशे से दूर रखें। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश सरकार ने नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है और कानून में सुधार करके अवैध कारोबार में लिप्त लोगों पर शिकंजा कस रही है।

**आत्मनिर्भर हिमाचल का सपना साकार** : मंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। पारंपरिक उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहुंचाकर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। हिम ईरा ब्रांड के तहत स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों को अब पूरी दुनिया में पहचाना जा रहा है।

**स्कूल का संदेशः शिक्षा से समाज को नई दिशा** : प्रधानाचार्य सिस्टर ग्रेस दावा मेरी ने कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जो समाज में बदलाव लाने की क्षमता रखता है। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया। इस अवसर पर छात्राओं ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें शैक्षणिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का विस्तृत विवरण शामिल था।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाई उत्सव की शान** : छात्रों ने स्वागत गीत और प्रार्थना नृत्य प्रस्तुत किए। फिर "झांसी की रानीः आज़ादी की वीरांगना" नामक नाटक का मंचन हुआ, जिसमें स्वतंत्रता संग्राम के कई प्रेरक प्रसंग दिखाए गए। नाटक और आजादी नृत्य ने सभी दर्शकों का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र ठाकुर, विशाखा मोदी, कुलदीप ठाकुर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुसुम्पटी अध्यक्ष रामकृष्ण शांडिल्य, स्कूल स्टाफ, अभिभावक और छात्र उपस्थित थे।

# राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने 'ऑपरेशन सद्भावना' के तहत जम्मू-कश्मीर के बच्चों से की मुलाकात



**शिमला, (द समर न्यूज)** – भारतीय सेना के राष्ट्रीय एकता दौरे (National Integration Tour) के तहत 'ऑपरेशन सद्भावना' के अंतर्गत जम्मू-कश्मीर के कठुआ ज़िले की गूज्जर और बकरवाल समुदाय के 25 बच्चों ने शनिवार को राजभवन, शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की।

राज्यपाल ने छात्रों से आत्मीयता से संवाद किया और दूरस्थ तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के बच्चों के लिए इस प्रकार के भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने की भारतीय सेना की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास राष्ट्रीय एकता को मज़बूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और युवाओं को देश की समृद्ध विविधता और विकास को समझने में मदद करते हैं। उन्होंने बच्चों को निष्ठा और परिश्रम के साथ शिक्षा प्राप्त करने और राष्ट्र की प्रगति में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

यह दौरा मामून कैंटोनमेंट से आरंभ होकर 28 सितंबर को चंडीगढ़ पहुँचा। चंडीगढ़ प्रवास के दौरान छात्रों को पंजाब और हरियाणा के राज्यपालों से मिलने तथा पश्चिमी कमान मुख्यालय का भ्रमण करने का अवसर मिला। उन्होंने रॉक गार्डन और सुखना झील जैसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों का भी अवलोकन किया।अपने अंतिम पड़ाव शिमला में, बच्चों ने एनान्डेल संग्रहालय, बर्ड सैंक्चुअरी, भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान (Indian Institute of Advanced Studies) और सेना प्रशिक्षण कमान (ARTRAC) मुख्यालय का दौरा किया, जहाँ उन्होंने वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से बातचीत की ।छात्रों ने भारतीय सेना को इस यादगार और शैक्षिक अनुभव के लिए तथा राज्यपाल को उनके प्रेरणादायक शब्दों और स्नेहपूर्ण आतिथ्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सी.पी. वर्मा तथा टूर के संयोजक लेफ्टिनेंट कर्नल अमरीक सिंह भी उपस्थित थे।

# चिंतपूर्णी में बढ़ी संदिग्ध गतिविधियां

## » स्थानीय युवाओं ने संभाली सुरक्षा की कमान




**चिंतरपूर्णी, (द समर न्यूज)** – चिंतपूर्णी क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से चोरी के प्रयासों ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। रात के समय अज्ञात नकाबपोश युवक चोरी की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता के चलते हर बार उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ा है।

ताज़ा मामला चिंतपूर्णी बाज़ार क्षेत्र का है, जहां रात करीब ढाई बजे तीन संदिग्ध युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। फुटेज में ये युवक नकाब पहने हुए इलाके में घूमते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में दुकानों और मकानों को निशाना बनाने के प्रयास हुए थे।

इसके बाद लोगों ने आपसी सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था खुद संभालने का निर्णय लिया। अब गांव और बाज़ार के युवा रातभर पहरा दे रहे हैं ताकि कोई असामाजिक तत्व वारदात को अंजाम न दे सके।

युवाओं का कहना है कि संदिग्धों की सीसीटीवी तस्वीरें पुलिस को भी सौंपी जाएंगी। क्षेत्रवासियों का मानना है कि चोरी के बढ़ते प्रयास भक्तों और आम जनता की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बन गए हैं। उन्होंने प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने और संदिग्धों की पहचान जल्द से जल्द करने की मांग की है।साथ ही, पुलिस और स्थानीय प्रतिनिधियों ने लोगों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने की अपील की है।

# चुराह उपमंडल में खुले में बीड़ी-सिगरेट, पान बेचने पर रोक, अब करवाना होगा पंजीकरण




**चम्बा, मंजूर पठान** – चुराह उपमंडल के अंतर्गत आने वाली सभी 53 पंचायतों में अब खुले में बिना पंजीकरण के बीड़ी, सिगरेट और पान की बिक्री नहीं की जा सकेगी। खंड विकास अधिकारी (BDO) कार्यालय तीसा की ओर से इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

बीडीओ ने सभी पंचायत सचिवों और सहायकों को आदेश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे दुकानदारों की पहचान करें जो बिना पंजीकरण के इन नशे के पदार्थों की बिक्री कर रहे हैं। ऐसे विक्रेताओं को शीघ्र पंजीकरण करवाने के लिए कहा गया है। अगर कोई बिना पंजीकरण के बिक्री करता पाया गया, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह कदम नशा मुक्त अभियान के तहत उठाया गया है। उपमंडल अधिकारी चुराह के निर्देशों के बाद पंचायतों को इस आदेश का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

खंड विकास अधिकारी तीसा अरविंद कुमार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि उपमंडल चुराह प्रशासन ने हमें निर्देश जारी किए हैं कि हमारी 53 पंचायतों में जो भी छोटे दुकानदार बीड़ी, सिगरेट या पान बेचते हैं, उन्हें पंचायत सचिवों के माध्यम से पंजीकृत किया जाएगा।

यदि कोई दुकानदार बिना पंजीकरण के खुले में बिक्री करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भारत ने लगातार चौथे संडे पाकिस्तान को हराया

## » विमेंस वर्ल्ड कप में 88 रन से जीती टीम इंडिया » क्रांति-दीप्ति को 3-3 विकेट






आठवें नंबर की बल्लेबाज ऋचा घोष की 20 गेंदों पर नाबाद 35 रन की तूफानी पारी के बाद क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा (तीन-तीन विकेट), स्नेह राणा (दो विकेट) के बहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को महिला विश्व कप के छठे मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रनों से हरा दिया। यह भारत की पाकिस्तान पर लगातार 12वीं जीत है। क्रांति गौड़ को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। 248 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत खबरा रही और उसने 26 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। मुनीबा अली (दो), सदफ शम्स (छह) और आलिया रियाज (दो) रन बनाकर आउट हुई। सिदरा आमीन और नतालिया परवेज की जोड़ी ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 69 रन जोड़े। गौड ने परवेज (33) को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। इसके बाद भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका। सिदरा आमीन ने 81 रनों की पारी खेली। उन्हें स्नेह राणा ने आउट किया। 43वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सादिया इकबाल (शून्य) को आउटकर पाकिस्तान की पारी का 159 के स्कोर पर अंत कर दिया। यह भारतीय टीम की पाकिस्तान पर लगातार 12वीं जीत है। विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की पांचवीं जीत है। भारतीय महिला टीम की ओर से क्रांति गौड और दीप्ति शर्मा (तीन-तीन विकेट), स्नेह राणा (दो विकेट) लिये। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में 247 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। ऋचा घोष ने 20 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 35 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। हरलीन देओल ने 65 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से सर्वाधिक 46 रन बनाये। भारत एक समय अपने छह विकेट 201 रन पर गंवाकर संघर्ष कर रहा था लेकिन ऋचा ने आने के बाद ही अपने शॉट खेले और उनकी तेज-तर्रार पारी ने भारत को 247 रनों तक पहुंचा दिया। यह कोई बड़ा स्कोर नहीं था, लेकिन धीमी दिख रही पिच पर यह निश्चित रूप से उपयोगी था। मध्य पारी के साक्षात्कार में जेमिमा रोड्रिग्स कहती हैं, 'पिच पर काफ़ी नमी थी जिससे उसे थोड़ी पकड़ मिली।' वह उन कुछ खिलाड़ियों में से एक थीं जिन्होंने 32 रन बनाते हुए अच्छी स्ट्राइक ली। उस स्कोरकार्ड में भारत के लिए कई 20 और 30 रन बने क्योंकि बल्लेबाजों को पिच पर ज़्यादा सहजता महसूस नहीं हुई। क्या इरादा बेहतर हो सकता था या उन्होंने बस एक ऐसा स्कोर बनाने का लक्ष्य रखा जो उन्हें लगा कि काफी अच्छा होगा? भारतीय बल्लेबाजों ने काफी समय लिया और फिर स्टार्ट को बड़ी पारी में तब्दील भी नहीं कर सकीं। स्मृति मंधाना ने 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 19 रन बनाये। ओपनर प्रतीका रावल ने 31, दीप्ति शर्मा ने 25 और स्नेह राणा ने 20 रन बनाये। अंत में ऋचा की पारी ने मोमेंटम दिया और भारत को 250 के करीब ले गई। यह स्कोर भी काफी चैलेंजिंग होने वाला है क्योंकि भारत के पास भी अच्छे स्पिनर्स है। पाकिस्तान के लिए, फातिमा सना ने फिर से प्रभावशाली प्रदर्शन किया जबकि स्पिनरों ने भी गेंद को अपने हाथ से जाने नहीं दिया। सबसे महंगी गेंदबाज डायना बेग ने सबसे ज्यादा चार विकेट भी लिए।



प्लेइंग 11

पाकिस्तान महिला मुनीबा अली, सदफ शमास, सिदरा अमीन, रमीन शमीम, आलिया रियाज, सिदरा नवाज (विकेटकीपर), फातिमा सना (कप्तान), नतालिया परवेज, डायना बेग, नाशरा संधू, सादिया इकबाल

भारत महिला : प्रतिका रावल, स्मृति मंधाना, हरलीन देयोल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (डब्ल्यू), स्नेह राणा, रेणुका सिंह ठाकुर, क्रांति गौड़, श्री चरणी।

## अमेरिका के शिकागो में नेशनल गार्ड्स से भिड़े प्रदर्शनकारी,1000 से ज्यादा गिरफ्तार



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को इलिनॉय राज्य के शिकागो में बढ़ते अपराध और प्रदर्शनों को देखते हुए 300 नेशनल गार्ड्स तैनात किए। इसके बाद इन गार्ड्स और प्रदर्शनकारियों में झड़प हो गई। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता अबिगेल जैक्सन ने कहा- ट्रम्प शहरों में गड़बड़ी को रोकना चाहते हैं। ये सैनिक हमारे अधिकारियों और सामान की रक्षा करेंगे। अब 1000 से ज्यादा प्रदर्शनकारी गिरफ्तार किए गए हैं। यह कार्रवाई होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के ऑपरेशन मिडवे ब्लिट्ज के तहत की जा रही है। इसे सितंबर 2025 में शुरू किया गया था। इसके तहत अपराधियों और अवैध अप्रवासियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। यह ऑपरेशन केटी अब्राहम नाम की एक लड़की की मौत के बाद शुरू किया गया। एक अवैध अप्रवासी ने पिछले महीने नशे हालात में तेज रफ्तार कार से केटी को कुचल दिया था। कई जगह प्रदर्शनकारियों और सैनिकों में झड़प शिकागो में कई जगह प्रदर्शनकारियों और नेशनल गार्ड्स के बीच झड़प भी हुई, जिसमें पेपर स्प्रे और रबर की गोलियां इस्तेमाल की गईं। DHS प्रमुख क्रिस्टी नोएम ने कहा कि वे स्पेशल फोर्स भेज रही हैं। शिकागो के ब्राइटन पार्क इलाके में शनिवार सुबह एक हथियारबंद अमेरिकी महिला ने अपनी कार से इमिग्रेशन डिपार्टमेंट की गाड़ियों पर हमला करने की कोशिश की। DHS के मुताबिक, इसके बाद एजेंट्स ने सुरक्षा में गोली चलाई, जिससे महिला घायल हो गई। वह खुद अस्पताल पहुंची और दोपहर तक छुट्टी मिल गई। कोई एजेंट गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ।

## जयशंकर बोले- भारत और अमेरिका के बीच कुछ समस्याएं



विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने रविवार को भारत-अमेरिका संबंधों पर बात करते हुए माना कि दोनों देशों के बीच कुछ समस्याएं हैं। उन्होंने कहा- व्यापार वार्ता में अभी सहमति नहीं बनी है, जिससे अमेरिका ने भारत पर टैरिफ लगाया गया। जयशंकर दिल्ली में आयोजित चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका ने एक और टैक्स (एक्स्ट्रा टैरिफ) लगाया है, जिसे भारत गलत मानता है। जयशंकर ने कहा कई अन्य देश भी रूस से तेल खरीदते हैं, लेकिन अमेरिका ने विशेष रूप से भारत को ही निशाना बनाया है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका को अपने व्यापार के विवाद बातचीत से सुलझाने चाहिए ताकि दोनों देशों के रिश्ते मजबूत रहें। उन्होंने कहा कि समस्याएं हैं, लेकिन हम इन्हें समझदारी से हल करने की कोशिश कर रहे हैं।

## भुल्लर चौथे दौर में 74 के कार्ड के कारण खिताब से चूके



भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर का इंडोनेशिया में छठा खिताब जीतने का सपना जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के चौथे दौर में 74 का निराशाजनक कार्ड खेलने के बाद खत्म हो गया। तीसरे दौर तक खिताब के दौड़ में रहे भुल्लर आखिरी दिन तीन बर्डी के मुकाबले तीन बोगी और दो डबल बोगी कर कुल सात अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त 19वें स्थान पर खिसक गए। ऑस्ट्रेलिया के वेड ओम्ब्रसे ने सडन डेथ प्लेऑफ में जिम्बाब्वे के स्कॉट विंसेंट को हराकर खिताब अपने नाम किया। तीसरे दौर के बाद 45 साल के ओम्ब्रसे, विंसेंट और भुल्लर 11 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर थे। भुल्लर ने जहां चार ओवर को निराशाजनक कार्ड खेला वहीं ओम्ब्रसे और विंसेंट ने एक अंडर के कार्ड के साथ शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

## तीन दिवसीय 13वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप छत्तीसगढ़ में 10 अक्टूबर से



**चंडीगढ़ः** विश्व गतका फेडरेशन और एशियन गतका फेडरेशन से संबद्ध देश की सबसे पुरानी पंजीकृत गतका संस्था, नेशनल गतका एसोसिएशन आफ़ इंडिया (एन.जी.ए.आई.) द्वारा 10 से 12 अक्टूबर, 2025 तक छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई शहर स्थित गुरु नानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 13वीं राष्ट्रीय गतका (पुरुष एवं महिला) चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में विभिन्न राज्यों की गतका टीमें तीन दिनों तक गतका-सोटी और फरी-सोटी में गहन व्यक्तिगत और टीम प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में भाग लेंगी।

इस आयोजन के बारे में अधिक जानकारी देते हुए नेशनल गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं राज्य पुरस्कार विजेता हरजीत सिंह ग्रेवाल ने बताया कि इस तरह की वार्षिक प्रतियोगिताओं का उद्देश्य पारंपरिक सिख मार्शल आर्ट गतका को संरक्षित करना, प्रचारित करना और एक पेशेवर खेल बनाना है, साथ ही उभरते खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है।

उन्होंने कहा, "ये चैंपियनशिप विश्व गतका फेडरेशन द्वारा गतका को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल बनाने के लिए तैयार किए गए दीर्घकालिक 'विज़न डॉक्यूमेंट-2030' का हिस्सा हैं। हमारा उद्देश्य बेहतर तकनीकी मानकों को लागू करना, मिश्रित प्रतियोगिताओं के माध्यम से लैंगिक समानता सुनिश्चित करना और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित टूर्नामेंट प्रबंधन प्रणालियों को अपनाकर इसे ओलंपिक स्तर के लिए तैयार करना है।"

एन.जी.ए.आई. के कार्यकारी अध्यक्ष सुखचैन सिंह कलसानी, महासचिव हरजिंदर कुमार और वलजीत सिंह सैनी ने आगे कहा, "हम युवाओं को अपने विरासती खेल में प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक सुरक्षित और प्रतिस्पर्धी मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप गतका की बढ़ती लोकप्रियता और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे बढ़ावा देने के एन.जी.ए.आई. के प्रयासों का प्रमाण है।"

गतका प्रमोटर ग्रेवाल ने बताया कि इस चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह 10 अक्टूबर को होगा जबकि 12 अक्टूबर को समापन समारोह के दौरान श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। एन.जी.ए.आई. ने खेल प्रेमियों, सामाजिक संगठनों और आम जनता को इस ऐतिहासिक आयोजन पर मार्शल आर्ट गतका के योद्धाओं के कड़े मुकाबले देखने और उनका मनोबल बढ़ाने के लिए खुला निमंत्रण दिया है।

